हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 24 सितंबर 2026

PRESENTED BY

SAMBHV®
STEEL PIPES & TUBES
सब संभव है

POWERED BY
SRVs SOLAR

CREDAI
CHHATTISGARH
PRESENTS

STATECON 2026
BUILDING
VIKSIT
CHHATTISGARH
Together Towards 2047

TODAY
Mayfair Lake Resort, Raipur

ENTRY BY INVITE ONLY



CHIEF GUEST

SHRI VISHNU DEO SAI JI
Hon'ble Chief Minister, Chhattisgarh



SPECIAL GUEST

SHRI O.P. CHOUDHARY JI
Minister For Finance & Minister
For Housing & Environment, Chhattisgarh Govt.

RSVP

MR. PANKAJ LAHOTI
PRESIDENT, CREDAI CG

MR. MRINAL GOLECHHA
CHAIRMAN, CREDAI CG

MR. ABHISHEK BACHHAWAT
SECRETARY,
PRESIDENT-ELECT CREDAI CG

MR. ASHOK MUNDRA
PROGRAM CHAIRMAN

MR. PRATEEK KEWLANI
PROGRAM CO CHAIR

mps

IN ASSOCIATION WITH | SWIMMING POOL PARTNER | CONCRETE PARTNER | SOFTWARE PARTNER | WATER PROOFING PARTNER | FIRE FIGHTING PARTNER | LANDSCAPE PARTNER | EQUIPMENT PARTNER | OUTDOOR FLOORING PARTNER | WIRES & CABLES PARTNER | PLUMBING PARTNER | FLOORING PARTNER | BATH FITTINGS PARTNER | AUTOMOBILE PARTNER | OUTDOOR ADVERTISING PARTNER | MEDIA PARTNER | RADIO PARTNER | MARKETING PARTNER

MAGIC PAINTS · convrse · Jaquar · Amaanza Pools & Fountains · RDPL · GOBUILDERGO · MAPEI · FIDELITY · NATURE TOUCH LANDSCAPE PVT LTD · MKG · ISTAKA · V-MARC · PRINCE PIPES · VARMORA TILES • BATHWARE · KEROVIT · Audi Raipur · ASSA ADVERTISING AGENCY · mps · 94.3 MY FM · VAYA MEDIA

यूएनजीए में अमेरिका-ईरान के बीच हुई 3 घंटे की हाई लेवल मीटिंग

ईरान की शर्त- अमेरिका दबाव घटाए तो होर्मुज खोलने तैयार

ट्रंप ने कहा कि 'यह एक अच्छी मीटिंग थी, उन्हें डील कर लेनी चाहिए

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की बैठक के दौरान अमेरिका और ईरान के अधिकारियों की उच्च-स्तरीय बैठक हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बैठक के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दोनों तरफ के प्रतिनिधियों ने तीन घंटे तक बातचीत की। यह बैठक मंगलवार को ट्रंप के यूएनजीए में दिए भाषण के कुछ घंटे बाद हुई, जिसमें उन्होंने ईरान को धमकी दी थी। ट्रंप ने कहा कि अगर सात महीने से चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए जल्द समझौता नहीं हुआ, तो वे इस्लामिक रिपब्लिक को पूरी तरह खत्म कर सकते हैं। यूएनजीए में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात के दौरान ट्रंप ने ईरान के साथ बैठक की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैठक में उनके मुख्य दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर शामिल थे। उन्होंने बैठक को सकारात्मक बताया और कहा कि किसी समझौते पर पहुंचना ईरान के हित में होगा।

यह कहा ट्रंप ने

ट्रंप ने कहा कि 'यह एक अच्छी मीटिंग थी। डील करना उनके फायदे में है।' 'वे शीर्ष स्तर के अधिकारी नहीं थे, लेकिन कम से कम बातचीत तो हुई।' ट्रंप ने ईरान के अब तक समझौता न करने को लेकर निराशा भी जताई। मैं सोच भी नहीं सकता कि वे ऐसा (समझौता) क्यों नहीं करना चाहेंगे। एक तरफ तो पूरी तरह बर्बादी है और दूसरी तरफ महान बनने का मौका है। यह एक महान देश बन सकता है। यह संपर्क जून में हुए अल्पकालिक युद्धविराम के टूटने के बाद अमेरिका-ईरान संवाद में आई रुकावट के महीनों बाद हुआ है। जुलाई की शुरुआत में अमेरिकी और ईरानी वार्ताकारों ने दोहा में कतर और पाकिस्तान के मध्यस्थों के साथ अलग-अलग अप्रत्यक्ष वार्ता की थी।



ईरान ने की बैठक की पुष्टि

ईरान के सरकारी मीडिया ने इस बैठक की पुष्टि की और कहा कि इस दौरान तेहरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने के लिए अपनी शर्तें बताई हैं। ईरान के सरकारी ब्रॉडकास्टर **IRIB** ने कहा, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने न्यूयॉर्क में यूएन महासभा के दौरान अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात की। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान, ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची यूएनजीए की बैठक में शामिल होने के लिए इस समय न्यूयॉर्क में हैं।

ईरान ने रखी मांग

ईरानी मीडिया ने आगे बताया कि बातचीत के दौरान तेहरान ने नौसैनिक नाकेबंदी को तुरंत हटाने, फ्रीज की गई संपत्तियों को जारी करने और सभी प्रतिरोध मोर्चों पर युद्ध खत्म करने की मांग की। मीटिंग के बाद पत्रकारों से बात करते हुए विटकॉफ ने कहा, 'मुझे अभी बहुत अच्छा लग रहा है।' ईरान के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के यूएनजीए भाषण के दौरान बाहर जाने लगे। ईरान के राष्ट्रपति और विदेश मंत्री बैठक में नहीं पहुंचे, जबकि निचले स्तर के कर्मचारी और प्रतिनिधि वहां मौजूद थे।

खाड़ी देशों ने ईरान से हमला बंद करने की अपील

संयुक्त राष्ट्र। क्षेत्रीय खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) ने ईरान और उसके सहयोगी समूहों से खाड़ी के अरब देशों पर हमले बंद करने और दो महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों से मुक्त आवागमन की अनुमति देने का आह्वान किया है। परिषद के प्रमुख जासेम मोहम्मद अलबुदैवी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य और बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य से होकर जहाजों के आवागमन में व्यवधान ने दुनियाभर के तेल बाजारों और आपूर्ति प्रणालियों को प्रभावित किया है, जिसका 'विश्वव्यापी असर' पड़ा है। ईरान ने कहा है कि उसने अमेरिका और इजराइल के हमलों के जवाब में क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया। अलबुदैवी ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर स्विट्जरलैंड के अधिकारियों के साथ बैठक में यह टिप्पणी की।

रिपोर्ट में दावा, चुनाव आयोग में बहुमत के आधार पर नहीं लिए फैसले

एसआईआर, 2 आयुक्तों ने उठाए सवाल, 14 बार दर्ज कराई आपत्ति

चुनाव आयोग (ईसीआई) की कार्यप्रणाली को लेकर एक रिपोर्ट में चौंकाने वाले दावे किए गए हैं। इस रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि चुनाव आयुक्त डॉक्टर सुखबीर सिंह संधू और डॉक्टर विवेक जोशी ने 10 महीनों में 14 बार अपनी आपत्तियां चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के समक्ष दर्ज कराई थीं। इस पूरे मामले को चुनाव आयोग ने सामान्य प्रक्रिया बताकर खारिज कर दिया है।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक अखबार इंडियन एक्सप्रेस ने यह रिपोर्ट जारी की है। इसमें दावा किया गया है कि चुनाव आयुक्त संधू और जोशी ने एसआईआर, फॉर्म 6 और चुनाव आयोग के कामकाज को लेकर औपचारिक रूप से आपत्ति जताई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, एसआईआर का काम 3 आयुक्तों की देखरेख में हुआ। इनमें से संधू और जोशी ने पिछले 10 महीनों में कम से कम 14 बार कई फैसलों और आदेशों पर औपचारिक रूप से आपत्ति जताई है। एक मौके पर तो एक ही दिन में 4 बार आपत्ति दर्ज कराई गई। रिपोर्ट के मुताबिक, इन आपत्तियों को नजरअंदाज किया गया और आयोग में फैसले बहुमत के आधार पर नहीं लिए गए।



खास बातें

- चुनाव आयोग ने आरोपों को किया खारिज, कहा- यह सब सामान्य प्रक्रिया
- विपक्ष ने उठाए सवाल, आयुक्त ज्ञानेश कुमार का मांगा इस्तीफा

इन मुद्दों पर उठाई गई आपत्ति

रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों चुनाव आयुक्तों ने जिन मुद्दों पर आपत्ति जताई उनमें नए मतदाताओं का पंजीयन, मतदाता सूची से नाम हटाना और वापस जोड़ना, एसआईआर प्रक्रिया में मतदाता का नाम वापस जोड़ने के आदेशों के खिलाफ अपील करना और पूरी मतदाता सूची की सुरक्षा जैसे मुद्दे शामिल थे। इन सभी आपत्तियों की प्रति मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश को भी भेजी गई थी। दोनों ने अलग-अलग कैबिनेट सचिव को भी पत्र लिखकर शिकायत की थी।

फॉर्म 6 में बदलाव पर जोशी ने जताई थी आपत्ति

रिपोर्ट के मुताबिक, 16 मई को एसआईआर की प्रक्रिया के तहत फॉर्म 6 में बदलाव के प्रस्ताव पर चुनाव आयुक्त जोशी ने आपत्तियां दर्ज कराई थीं। जोशी ने कहा था कि एसआईआर का काम जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 21(3) के तहत किया जा रहा था है।

विपक्ष ने मांगा ज्ञानेश का इस्तीफा

मतभेदों की खबरों के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार विपक्षी दलों के निशाने पर आ गए हैं। कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वीडियो जारी कर वोट चोरी को संविधान के खिलाफ बताया है। उन्होंने कहा कि समय आने पर किसी को छोड़ा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि वोट चोरी संविधान पर हमला है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने चुनाव आयुक्तों की स्वतंत्रता को लेकर सवाल उठाए और सुप्रीम कोर्ट से मामले का संज्ञान लेने की मांग की। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी ज्ञानेश कुमार की गिरफ्तारी और राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण से पहले की मतदाता सूची के आधार पर फिर से चुनाव कराने की बुधवार को मांग की। बनर्जी ने साथ ही आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और निर्वाचन आयोग ने इस साल की शुरुआत में हुए चुनाव को 'लूट' लिया। इसी कड़ी में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक केजरीवाल और शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे ने ज्ञानेश कुमार की गिरफ्तारी की मांग की।

यह कहा चुनाव आयोग ने

चुनाव आयोग ने बुधवार को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयुक्तों में मतभेद से जुड़ी रिपोर्ट को खारिज कर दिया। चुनाव आयोग ने कहा कि पिछले एक साल में लिए गए सभी फैसले सर्वसम्मति से हुए हैं। आयोग ने कहा कि किसी भी संस्थान में विचार-विमर्श के दौरान अलग-अलग राय और टिप्पणियां आना सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है। इसका उद्देश्य पारदर्शिता बनाए रखना और कानूनी नियमों का पालन सुनिश्चित करना है।



दक्षिण अफ्रीका में गोलीबारी

घर में घुसकर अंधाधुंध फायरिंग गर्भवती समेत 11 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶| डरबन

दक्षिण अफ्रीका के डरबन शहर के पास स्थित एक रिहायशी इलाके में मंगलवार देर रात सामूहिक गोलीबारी की वारदात हुई है। बंदूकधारियों ने एक मकान में अचानक घुसकर वहां मौजूद लोगों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं, जिसमें कम से कम 11 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह वारदात डरबन के करीब स्थित क्वामखूता टाउनशिप की है। पुलिस के अनुसार, मंगलवार की देर रात हथियारबंद हमलावरों ने एक रिहायशी घर को निशाना बनाया और अंदर मौजूद लोगों पर अचानक ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस द्वारा जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक, जिस समय यह हमला हुआ उस समय मकान के अंदर 13 पुरुष और 1 महिला मौजूद थे।

मौके पर ही मर गए दस लोग

घटना के समय घर के अंदर कुल 14 लोग मौजूद थे। गोलीबारी इतनी भीषण थी कि 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया, जहाँ इलाज के दौरान एक और व्यक्ति ने दम तोड़ दिया।

साहिल के हाथ में था मोबाइल, एग्जाम हॉल का सीसीटीवी फुटेज आया सामने

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आईआईटी बॉम्बे के छात्र साहिल वाकोडे के सुसाइड के एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इस फुटेज में दिख रहा है कि एग्जाम के दौरान साहिल वाकोडे के हाथ में मोबाइल था। सीसीटीवी में दिख रहा है कि प्रो. डूला बतौर इनविजिलेटर रूम में एक अन्य प्रोफेसर के साथ मौजूद थे। राउंड के दौरान साहिल वाकोडे उन्होंने मोबाइल के साथ देखा था। इसके बाद उन्होंने वापस लौटकर साहिल को टोका। सीसीटीवी में उस दावे की पुष्टि हुई है जिसमें यह कहा गया था कि बीटेक सेकेंड ईयर के छात्र ने परीक्षा में चैट जीटीपी का इस्तेमाल किया था। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि प्रो. सूर्यनारायण डूला साहिल को नकल करने पर बाहर ले गए थे। गौरतलब हो कि साहिल को नकल करने से रोकने वाले प्रो. सूर्यनारायण डूला को आईआईटी बॉम्बे से पद से हटा दिया है।

आईआईटी बॉम्बे केस



यह है मामला

18 सितंबर 2026 को ऊर्जा विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के दूसरे वर्ष के छात्र साहिल वाकोडे का शव पवई कैंपस स्थित हॉस्टल के कमरे में फंदे से लटका मिला था। सुसाइड से कुछ घंटे पहले सेमेस्टर परीक्षा के दौरान साहिल पर मोबाइल फोन से चैटजीपीटी इस्तेमाल करने का आरोप लगा था और उन्हें पकड़ा गया था। साहिल के माता-पिता ने प्रोफेसर सूर्यनारायण डूल्ला पर जाति के आधार पर प्रताड़ित करने और मानसिक दबाव बनाने का गंभीर आरोप लगाया है। प्रोफेसर डूल्ला के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट और आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया कर उन्हें प्रशासनिक जिम्मेदारी यानी डीन पद से हटा दिया है। मामले की जांच मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच को सौंपी गई थी।

खबर संक्षेप

विवाद : यूएन महासभा में नहीं जाएंगी मेलोनी

न्यूयार्क। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी इस साल संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की हाई लेवल बैठक में शामिल नहीं होंगी। उन्होंने इसकी वजह बिजी शेड्यूल बताई है। करीब 15 साल बाद पहली बार इटली का प्रधानमंत्री यूएनजीए की सालाना हाई लेवल बैठक में शामिल नहीं होगा। मेलोनी की जगह विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी यूएनजीए में इटली का प्रतिनिधित्व करेंगे। मेलोनी के न्यूयॉर्क नहीं जाने से उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से आमने-सामने मुलाकात भी नहीं होगी। इस साल जून में G7 समिट में दोनों के बीच विवाद बढ़ गया था।



बॉम्बे हाईकोर्ट ने पूरे महाराष्ट्र में पटाखा फोड़ने पर लगाया बैन

मुंबई। बॉम्बे हाई कोर्ट ने महाराष्ट्र भर में त्योहारों के जुलूसों के दौरान होने वाले भीषण शोर और वायु प्रदूषण को कम करने के लिए निर्देश जारी किए हैं। 22 सितंबर को पारित एक आदेश में जज जस्टिस जीएस कुलकर्णी और नीला गोखले की खंडपीठ ने त्योहारों के दौरान सार्वजनिक सड़कों पर पटाखे फोड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है। जस्टिस जीएस कुलकर्णी इसके अलावा उत्सवों के दौरान लेजर लाइट, उच्च तीव्रता वाली ल्यूमेन लाइट और बीम पर भी पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है।



मामला संविधान पीठ को रेफर

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट का फैसला बंटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े 2023 के कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं को बड़ी बेंच के पास भेजा जाए या नहीं, इस सवाल पर सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की राय आपस में नहीं मिली। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस एस सी शर्मा की बेंच ने इस मुद्दे पर अलग अलग राय दी, जिसके बाद पूरा मामला अब संविधान पीठ को रेफर कर दिया गया है। जस्टिस दत्ता ने कहा कि इन याचिकाओं पर पांच दिन तक सुनवाई हुई, लेकिन दोनों जज एक जैसी राय पर नहीं पहुंच पाए।



यह कहा जस्टिस शर्मा ने : इसके बाद जस्टिस शर्मा ने अपना आदेश पढ़ना शुरू किया। उन्होंने कहा कि जस्टिस दत्ता के प्रति पूरे सम्मान के साथ मैं कहना चाहता हूँ कि मैं उनके निर्णय से सहमत नहीं हूं। जस्टिस शर्मा ने कहा कि जब पिछला फैसला आया तो वह एक वैक्यूम को भरने के लिए था। चयन को लेकर कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं थी। तब कोर्ट ने प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और चीफ जस्टिस की कमेटी की बात कही. अब स्थिति अलग है। संसद कानून बना चुकी है। मेरा निर्णय है कि मामला चीफ जस्टिस के सामने रखा जाए और वह 5 जजों की बेंच बनाएं।

जिसे पीएम ने चुना वह कैसे जाएगा उनके खिलाफ?

जस्टिस दीपांकर दत्ता ने प्रथम दृष्टया कहा कि 2023 का चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़ा कानून स्वतंत्र चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करता हुआ कानून नजर नहीं आता। जस्टिस दत्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री की ओर से चयन समिति में नामित व्यक्ति से प्रधानमंत्री के खिलाफ जाने की उम्मीद नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा, 'कैबिनेट मंत्रियों को शामिल करने से वह स्वतंत्र संतुलन नहीं बनता जो किसी निष्पक्ष चयनकर्ता से बन सकता है। यह भूमिका काफी हद तक केवल दिखावटी रह जाती है।'जस्टिस दत्ता ने कहा, 'स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए वास्तव में स्वतंत्र चुनाव आयोग जरूरी है। सिर्फ चुनाव आयोग का स्वतंत्र होना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि उसका स्वतंत्र नजर आना भी जरूरी है।'

मेघालय में यूडीपी के आठ विधायक भाजपा में शामिल

शिलांग। मेघालय की यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी (यूडीपी) के आठ विधायक बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजीजू समेत वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गए। लखमन रिंबुई, पीयूष मारवेन, किर्मेन शायला, मेयरलबॉर्न सिएम, मैथ्यू कुरबाह, ओलान सिंह सुइन, बालाजिएद कुपर सिनरेम और सिनशार कुपर रॉय यहां भाजपा में शामिल हुए। 60 सदस्यीय विधानसभा में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी (यूडीपी) के 12 विधायक हैं, जिनमें से दो कॉनराड के. संगमा के नेतृत्व वाली मेघालय डेमोक्रेटिक अलायंस सरकार में मंत्री हैं। यूडीपी के आठ विधायकों के पाला बदलने के साथ ही 60 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा की सदस्य संख्या दो से बढ़कर 10 हो गई है।

चुनावी हलफनामे में भाजपा प्रत्याशी हसीरानी जन्म से पहले 10वीं पास

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

बंगाल की नंदीग्राम सीट पर उपचुनाव से पहले एक और विवाद सामने आया है। कांग्रेस ने भाजपा प्रत्याशी हसीरानी रथ के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। कांग्रेस का दावा है कि भाजपा प्रत्याशी ने चुनावी हलफनामे में अपनी उम्र और पढ़ाई से जुड़ी गलत जानकारी दी है। कांग्रेस नेता और वकील रित्जू घोषाल ने कोर्ट में कहा- हसीरानी रथ ने हलफनामे में जन्म साल 1966 बताया है, जबकि 1965 में माध्यमिक यानी 10वीं की परीक्षा पास करने का जिक्र किया है। हसीरानी ने जन्म से पहले 10वीं कैसे पास कर ली।

नंदीग्राम उपचुनाव हाईकोर्ट में याचिका दायर



कांग्रेस ने कहा कि अगर भाजपा प्रत्याशी की शैक्षणिक योग्यता से जुड़ी जानकारी गलत पाई जाती है, तो उनकी उम्मीदवारी रद्द की जाए। कांग्रेस की याचिका पर कलकत्ता हाईकोर्ट गुरुवार को सुनवाई करेगा।

भाजपा बोली- हलफनामे में सिर्फ टाइपिंग की गलती

वहीं भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज किया। पार्टी ने कहा कि हसीरानी की उम्र को लेकर कोई समस्या नहीं है। भाजपा के मुताबिक, हसीरानी ने 1980 में 10वीं कक्षा में पढ़ाई की थी। पार्टी ने कहा कि हलफनामे में सिर्फ एक टाइपिंग की गलती हुई है।

SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY
RAIPUR, CHHATTISGARH, INDIA
Suitable Candidates may send their resume within 10 days from the date of this advertisement
RECRUITMENT
Professor / Associate Professor/Assistant Professor
Eligibility :- As Per UGC/NCTE Norms And Regulations

S.No.	Faculty	Department/Subjects
1)	B.Sc.+B.Ed.	Physics, Chemistry, Mathematics, Zoology, Botany, English, Communication, Education,
2)	B.A.+B.Ed.	History, Political Science, Economics, Geography, English, Hindi, Communication, Education,
3)	B.Com.+B.Ed.	Accounting, Business Administration, Economics, Linguistics, English, Hindi, Communication, Education,
4)	M.P.Ed. & D.P.Ed.	Professor/Associate Professor/Assistant professor/ Sports Trainers/ Principal/Head Lecturer/ Physiotherapist / Specialist Part Time Faculty Dietician/ Nutrition Expert/ ICT Instructor
5)	Diploma in Arts Education Visual Arts & Performing Arts	Principal / Head of Department (HoD)/ Lecturer / Assistant Professor/Lecturer / Assistant Professor/ Lecturer / Assistant Professor/ Part-Time / Visiting Instructors
6)	Education	Special Education
7)	Engineering	Metallurgy Engineering, Computer Science
8)	Law	PROFESSOR
9)	Management	PROFESSOR
10)	Arts	Psychology, Economics, Social Work
	Administrative Position	
11)	Registrar	According to approval body norms
12)	Marketing Department	Marketing Manager, Marketing Executive, Counsellor, Telecaller, Office Assistant Qualification, According to approval body norms
13)	Engineer	Electrical Engineer Maintainance

9399734522 Email: hr@sru raipur.ac.in
NH-30, POST OFFICE-MANA, NEW DHAMTARI ROAD, RAIPUR, CHHATTISGARH, 492015.
Khanna Advt.

एआई शॉपिंग रिस्क : दुनिया भर के बड़े बैंकों ने जारी की चेतावनी

एआई गैरभरोसेमंद, खाली हो सकता है बैंक अकाउंट

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

एआई का इस्तेमाल समय के साथ-साथ बढ़ता जा रहा है। अब लोग ऑनलाइन शॉपिंग करने के लिए एआई एजेंट का इस्तेमाल करने लगे हैं। लेकिन ऐसा करना उनकी एक बड़ी गलती साबित हो सकती है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर के बड़े बैंकों ने एक चेतावनी जारी की है कि एआई पावर्ड शॉपिंग बॉट्स ग्राहकों को स्कैम, धोखाधड़ी और डेटा लीक जैसे घटनाओं का शिकार बना सकते हैं। इन बैंकों में जैसे नेटवेस्ट, बैंक ऑफ अमेरिका, आईएनजी, कैपिटल वन, कॉमनवेल्थ बैंक ऑफ ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड का एएसबी बैंक शामिल हैं।

यह है खतरा : बैंकों की यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब ओपनएआई, एंथ्रोपिक और मेटा जैसी टेक कंपनियां एआई एजेंट्स को शॉपिंग टूल्स के तौर पर बढ़ावा दे रही हैं, जबकि रिटेलर्स अब इस कोशिश में जुटे हैं कि जब लोग एआई चैटबॉट से किसी चीज की सलाह मांगें, तो चैटबॉट उनके ही प्रोडक्ट्स खरीदने का सुझाव दे।

टेक कंपनियां एआई एजेंट्स को शॉपिंग टूल्स के तौर पर दे रहीं बढ़ावा



एआई एजेंट का उपयोग बढ़ा

दरअसल, कंपनियां पहले गूगल सर्च में सबसे ऊपर आने की कोशिश करती थीं, वैसे ही अब वे एआई चैटबॉट को प्रभावित करने की रेस में लगी हैं ताकि चैटबॉट ग्राहकों को उन्हीं का सामान खरीदने की सलाह दे। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटिश रिटेलर जान लेविस ने बताया कि एआई एजेंट्स से होने वाली सर्च इस साल बढ़कर 2.5% हो गई हैं, जो एक साल पहले सिर्फ 0.3% थीं।

गलत चीज खरीद सकते हैं एआई एजेंट

बैंक ऑफ अमेरिका ने कहा कि उन्हें चिंता है कि एआई एजेंट्स गलत चीज खरीद सकते हैं या बहुत ज्यादा खर्च कर सकते हैं या इससे भी बुरा, स्कैम और धोखाधड़ी में उनके पैसे जा सकते हैं। उन्हें पक्का नहीं पता कि क्या वे सुरक्षित रहेंगे या अगर कुछ गलत होता है तो उन्हें किसके पास जाना होगा।

यह करवा सकता है एआई

रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि लोग जितनी तेजी से एआई शॉपिंग अपना रहे हैं, उसकी तुलना में सुरक्षा के इंतजाम और नियम-कानून पीछे छूट गए हैं। इस वजह से एआई एजेंट जो बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं, उनके और असल सुरक्षा के बीच भरोसे की कमी हो गई है। एआई एजेंट खरीदारों को ऐसे पेमेंट तरीकों की ओर ले जा सकते हैं, जिनमें ज्यादा सुरक्षित ऑप्शन्स की तुलना में धोखाधड़ी से सुरक्षा कमजोर होती है।



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 24 सितंबर 2026



टेंडर होते ही निजी हाथों में संचालित होगा अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केन्द्र और राज्य सरकार के फंड से तैयार हो रहे नवनिर्मित कैंसर अस्पताल को भी निजी हाथों में देने की तैयारी चल रही है। अस्पताल के संचालन में करीब 289 पदों पर भर्ती की जानी थी,लेकिन राज्य सरकार अब इसे पीपीपी मॉडल के तहत चलाने की तैयारी में है। ऐसे में आमजनों को अस्पताल में सुविधाएं तो मिलेंगी लेकिन निजी अस्पतालों की तरह ही शुल्क देना होगा। यह विडंबना ही है कि राज्य का पहला कैंसर अस्पताल उद्घाटन से पहले ही निजी हाथों में पहुंच जाएगा। नवनिर्मित अस्पताल में 90 फीसदी कार्य पूरा किया जा चुका है, साथ ही अब करोड़ों रूपए के उपकरण भी आने लगे हैं लेकिन राज्य सरकार इसके संचालित करने के बजाय निजी हाथों ⏭शेष पेज 2 पर

खास खबर

125 करोड़ का सरकारी कैंसर अस्पताल हो जाएगा निजी, सुविधाएं मिलेंगी, पर देना होगा शुल्क

सिम्स के डाक्टरों की छुट्टी

खास बात यह है कि पहले सिम्स अस्पताल के डाक्टरों के द्वारा ही कैंसर अस्पताल को चलाया जाना तय था, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती की जानी थी, जिससे कैंसर के इलाज के साथ कैंसर के नए डाक्टर प्रदेश को मिल सकते थे। पहले ही 3 नियमित और 2 संविदा डाक्टर सिम्स में कैंसर यूनिट संभाल रहे हैं, निजी हाथों में जाने के बाद सिम्स के डाक्टरों की छुट्टी हो जाएगी। कैंसर अस्पताल में सरकारी डाक्टरों की भर्ती और स्टाफ रखा जाना था, निजी हाथों में जाने के बाद वहाँ सरकारी डॉक्टर नहीं रह जाएंगे। निजी हाथों में जाने के बाद इस अस्पताल में भी आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के लिए महंगा शुल्क देना होगा।

डाक्टर और कर्मचारियों की भर्ती के बाद से बिगड़ी बात



सुपर स्पेशलिटी पहले ही निकल गया सरकारी हाथ से

केंद्र और राज्य सरकार की राशि से निर्मित यह अस्पताल यदि सरकार द्वारा संचालित किये जाते तो बड़ी आबादी को इसका लाभ मिलता। कैंसर हॉस्पिटल से पहले 11 मंजिल के नवनिर्मित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को पहले ही निजी हाथों में देने का नीतिगत फैसला हो चुका है, और अब कैंसर अस्पताल भी निजी कंपनी के हाथ चला जाएगा। इसका सीधा असर अंचल के आम लोगों पर पड़ेगा।

टेंडर और एमओयू किया जाएगा

कैंसर अस्पताल संचालन के लिए 8 सदस्यों की समिति बनाई गई है, शासन की ओर से टेंडर और अन्य एमओयू किया जाएगा। इसके बाद अस्पताल का संचालन निजी कंपनियों के द्वारा किया जाएगा। जहां तक सिम्स की कैंसर यूनिट की बात है, अभी हम काम देख रहे हैं, लेकिन निजी कंपनियों के आने के बाद हमारा दायित्व यहां से खत्म होगा।

-डॉ चंद्रहास ध्रुव, नोडल अधिकारी,कैंसर यूनिट

अभी हम संभावनाएं देख रहे हैं

कैंसर अस्पताल को निजी हाथों में सौंपने जैसा कुछ नहीं है। अभी हम संभावनाएं देख रहे हैं। टाटा मेमोरियल जैसे कैंसर अस्पताल की तर्ज पर ही प्रदेश का पहला कैंसर अस्पताल चलाने की मंशा है। इस पर काम किया जा रहा है।

-सुशांत शुक्ला, विधायक, बेलतरा

सरकार को चलाना चाहिए

सिम्स में हर साल सैकड़ों डाक्टर निकल रहे हैं, शहर में बड़े-बड़े डॉक्टर मौजूद हैं। ऐसे में सरकारी जमीन और फंड से बने अस्पतालों को निजी हाथों में देना सरासर गलत है। राज्य सरकार को इसे स्वयं ही चलाना चाहिए और इसके लिए एक व्यापक सिस्टम तैयार करना चाहिए। -अटल श्रीवास्तव, विधायक, कोटा

नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद खाली था प्रदेश प्रभारी का पद

अब स्मृति के हाथों में छत्तीसगढ़ भाजपा की कमान, सिद्धार्थ बनाए गए सह-प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

20 जनवरी को नितिन नबीन के भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी का पद खाली हो गया था। नबीन इससे पहले छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। अब करीब आठ महीने बाद पार्टी ने प्रदेश संगठन के लिए नई जिम्मेदारी तय की है। स्मृति ईरानी के सामने छत्तीसगढ़ में केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश संगठन के बीच समन्वय की जिम्मेदारी होगी। प्रदेश में भाजपा की सरकार है, ऐसे में संगठनात्मक गतिविधियों, पार्टी कार्यक्रमों और केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशों के साथ सरकार- ⏭शेष पेज 2 पर

खास खबर

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपनी नई टीम बनाने के बाद भाजपा संगठन में अहम बदलाव किया है। उन्होंने कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रभारी और सह प्रभारी बदल दिए हैं। कुल 36 प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेशों में यह बदलाव हुआ है। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को छत्तीसगढ़ भाजपा का प्रभारी बनाया गया है। सिद्धार्थ शंभू को सह प्रभारी बनाया गया है। खास बात यह है कि छत्तीसगढ़ के दो नेताओं को दूसरे राज्यों में सह प्रभारी नियुक्त किया है।

राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय भूमिका के बाद मिली अहम जिम्मेदारी

इससे पहले भाजपा की नई संगठनात्मक टीम में स्मृति ईरानी को राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी दी गई थी। केंद्रीय राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा चुकीं स्मृति ईरानी को अब दो राज्यों की संगठनात्मक जिम्मेदारी मिली है। उन्हें छत्तीसगढ़ के साथ हरियाणा का भी प्रभारी नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ में उनकी नियुक्ति ऐसे समय हुई है, जब प्रदेश में भाजपा की सरकार है और पार्टी संगठन को लेकर भी कई महत्वपूर्ण गतिविधियां चल रही हैं। ऐसे में प्रदेश प्रभारी की भूमिका सरकार और संगठन के बीच समन्वय के लिहाज से महत्वपूर्ण होगी। 2028 के चुनावों के मद्देनजर भी उनकी नियुक्ति को खास मानी जा रही है।





सीएम साय ने दी बधाई

पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को प्रदेश प्रभारी और सिद्धार्थ शंभू को सह-प्रभारी नियुक्त किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में कहा, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन द्वारा स्मृति ईरानी को छत्तीसगढ़ की प्रदेश प्रभारी नियुक्त किए जाने से उनके दीर्घकालिक राष्ट्रीय अनुभव, राष्ट्रसेवा और संगठन के प्रति समर्पण छत्तीसगढ़ में भाजपा के संगठन तथा जनसेवा के संकल्प को और अधिक सशक्त बनाएगा।

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में किसे दी जिम्मेदारी?

- आंध्र प्रदेश- प्रभारी-अरविंद भदौरिया, सह प्रभारी- बनथी श्रीनिवासन
- असम- प्रभारी- मंगल पांडे, सह प्रभारी- फांग्नोन कोन्याक, मनोज टिग्गा
- छत्तीसगढ़- प्रभारी स्मृति ईरानी, सह प्रभारी- सिद्धार्थ बाबू
- दिल्ली- प्रभारी- विनय सहस्त्रबुद्धे, सह प्रभारी- जामयांग त्सेरिंग नामग्याल, दर्शनाबेन जरदोश
- हरियाणा- प्रभारी-स्मृति ईरानी, सह प्रभारी- भोला सिंह
- गुजरात- प्रभारी-तरुण चुघ, सह प्रभारी- अजय महावर और गोमती साईं
- जम्मू-कश्मीर- प्रभारी-सतीश पूनिया, सह प्रभारी-रीना कश्यप
- मणिपुर-राजदीप रॉय
- झारखंड- प्रभारी-गजेंद्र पटेल, सह प्रभारी- सौरभ सिंह, निवेदिता सिंह
- कर्नाटक- प्रभारी, हरीश द्विवेदी, सह प्रभारी कसम वेंकटेश्वरलू
- केरलम- प्रभारी-प्रो. एम नागराजा, सह प्रभारी- एम वेंकटेशन
- मध्य प्रदेश- प्रभारी- विप्लब कुमार देब, सह प्रभारी-रेखा वर्मा
- महाराष्ट्र- प्रभारी- बैजयंत पांडा, सह प्रभारी- अमित मालवीय, सदानंद शेट तनावाड़े, कमलजीत सहरावत ⏭ शेष पेज 2 पर

चिंतन शिविर : पीएम मोदी ने शासन और सुधारों पर किया मंथन

युवा-महिला तक योजनाओं की पहुंच बढ़ाएंगे केंद्रीय मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार के सभी मंत्रियों का दो दिवसीय 'चिंतन शिविर' बुधवार से शुरू हुआ। पहले दिन की बैठक में सरकार के कामकाज को बेहतर बनाने, प्रशासनिक सुधारों, योजनाओं की प्रभावी डिलीवरी और महिलाओं व युवाओं तक कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच बढ़ाने समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक, चार घंटे से अधिक चली बैठक में अलग-अलग मंत्रालयों और विभागों के बीच बेहतर तालमेल बनाने पर भी जोर दिया गया। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्रियों को आठ समूहों में बांटा गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रत्येक समूह के साथ अलग-अलग बातचीत की। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री ने मंत्रियों से विभिन्न मुद्दों पर फीडबैक लिया और सरकार के कामकाज से जुड़े कई पहलुओं पर उन्हें दिशा-निर्देश दिए। पहले दिन की चर्चा में शासन व्यवस्था, प्रशासनिक सुधार और कल्याणकारी योजनाओं को महिलाओं तथा युवाओं तक प्रभावी तरीके से पहुंचाने के मुद्दे प्रमुख रहे।



डिलीवरी-काम की निगरानी पर जोर

बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक समय पर और प्रभावी तरीके से पहुंचे। सरकार के कामकाज में समय प्रबंधन, योजनाओं की प्रगति की निगरानी, सार्वजनिक सेवाओं की डिलीवरी भी चिंतन शिविर के एजेंडे में शामिल हैं।

'जन विश्वास से जन आधार' पर भी चर्चा

मंत्रियों ने 'जन विश्वास से जन आधार', सरकार के सभी क्षेत्रों में सुधार और 'विकसित भारत@2047' के लक्ष्यों को लेकर भी विचार-विमर्श किया। बैठक का उद्देश्य सरकार के अब तक के कामकाज की समीक्षा करने के साथ भविष्य की प्राथमिकताएं तय करना भी है। सूत्रों के अनुसार, चिंतन शिविर में कल्याणकारी योजनाओं और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा, नीतियों को लागू करने में आने वाली दिक्कतों और मंत्रालयों के बीच समन्वय जैसे मुद्दों पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

विकसित भारत@2047

'विकसित भारत@2047' को लेकर सरकार की कवायद 2021 से चल रही है। इसके तहत सचिवों के 10 अलग-अलग क्षेत्रीय समूह बनाए गए थे, जिन्हें देश के विकास के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक योजनाओं का रोडमैप तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई थी। इस प्रक्रिया में अलग-अलग पक्षों और विशेषज्ञों से भी सुझाव लिए गए हैं। अब तक केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सामने विकसित भारत से जुड़े अलग-अलग विषयों पर आठ प्रस्तुतियां और चर्चाएं हो चुकी हैं। शिविर को आगे बढ़ाने की कड़ी के तौर पर देखा जा रहा है।

खबर संक्षेप

आदिवासी पर्व करम के दौरान पांच नदी में डूबे

मेदिनीनगर। झारखंड के पलामू जिले में बुधवार को आदिवासी पर्व करम के दौरान वृक्ष की पूजी गई एक डाल के विसर्जन के दौरान तीन नाबालिग समेत कम से कम पांच लोग कोयल नदी में डूब गए। मृतकों की पहचान अमित ठाकुर (22), नितीश सिंह (18), विशाल पासवान, राजा सिंह और हेमंत कुमार सिंह (8) के रूप में हुई है।

बम, पांच कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

पटना। पटना के अगमकुआं इलाके में पुलिस ने एक बम और पांच कारतूस बरामद किया। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है, इस बरामदगी के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। अगमकुआं थाना क्षेत्र स्थित शीतला माता मंदिर के पास गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गयी। इस दौरान दो लोगों के कब्जे से हथगोले जैसे दिखने वाला एक बम और पांच कारतूस बरामद किए गए।

मलयालम अभिनेत्री सावित्री का निधन

कोझिकोड। लोकप्रिय फिल्म 'सुडानी फ्रॉम नाइजीरिया' में अपने बेहतरीन अभिनय के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सराहना पाने वाली मलयालम रंगमंच कलाकार और फिल्म अभिनेत्री सावित्री श्रीधरन का बुधवार को यहां उनके निवास पर निधन हो गया। श्रीधरन 85 वर्ष की थीं। श्रीधरन पिछले कुछ समय से उम्र संबंधी बीमारियों से पीड़ित थीं।

चर्चों में बोर्ड- दूसरे धर्म के लोगों के प्रवेश को लेकर लिखे निर्देश

धर्म परिवर्तन करने 2000 से ज्यादा लोगों ने दी अर्जी



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

हिन्दू संगठन और क्रिश्चयन संगठन के बीच हुए समझौते के बाद चर्च में बोर्ड लगा दिया गया है कि अन्य धर्म के व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी पर चर्च आएंगे। इसके बाद धर्म परिवर्तन करने के लिए 2 हजार से अधिक लोगों ने जिला प्रशासन को आवेदन दिया है। आए दिन प्रार्थना सभा को लेकर बन रही विवाद की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन की पहल पर हुई बैठक में चर्च में बोर्ड लगाने का फैसला हुआ था।

जिला मुख्यालय के आठ चर्चों में प्रवेश संबंधी बोर्ड लगाए गए हैं। वहीं, क्रिश्चियन फोरम की ओर से कहा गया है कि इसका उद्देश्य चर्च परिसर में अनुशासन और सुरक्षा बनाए रखना है। इस मामले को लेकर कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में हिन्दू संगठन और ईसाई समाज के पदाधिकारियों के बीच 15 सितंबर को एक बैठक हुई, जिसमें निर्णय लिया गया कि प्रार्थना सभा में कोई हिन्दू मिला तो इसे मतांतरण मानकर प्रशासन से शिकायत की जाएगी। हिन्दू संगठन ने कड़ाई से कहा था कि ईसाई समाज के लोग उपचार और आर्थिक सहायता के नाम पर हिन्दुओं के घर पर नहीं जाएंगे। जिस व्यक्ति को प्रार्थना सभा में जाना है, वे अपना धर्म विधिवत परिवर्तन करवा लें। ⏭शेष पेज 2 पर



अजय चंद्राकर ने उठाए सवाल

इस पूरे मामले पर कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति प्रार्थना सभा में शामिल होना चाहता है तो उसके लिए आवेदन की जरूरत क्यों पड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मिशनरियां कानून के शिकंजे से बचने के लिए नए तरीके अपना रही हैं। श्री चंद्राकर ने सवाल किया कि कोई व्यक्ति चर्च, मंदिर या मजार में जाता है तो क्या उसे इसके लिए आवेदन देना चाहिए। उन्होंने प्रार्थना सभा में जाने के लिए आवेदन की प्रक्रिया को हास्यास्पद बताया।

प्रस्तावित हड़ताल के कारण ऐसी तैयारी

इस रविवार को खुले रहेंगे देशभर के बैंक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि बैंक कर्मचारियों संगठनों के संयुक्त मंच यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस की प्रस्तावित हड़ताल को देखते हुए ग्राहकों की सुविधा के लिए रविवार 27 सितंबर को क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक समेत सभी बैंक खुले रहेंगे। यूएफबीयू ने 28 से 30 सितंबर तक देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। प्रमुख मांगों में बैंकों में सप्ताह में पांच दिन का कार्यदिवस लागू करना शामिल है।

वेतन भुगतान 25 को करने के निर्देश

वित्त मंत्रालय ने सभी मंत्रालयों एवं विभागों को निर्धारित समय से पहले 25 सितंबर को ही वेतन का भुगतान करने को कहा है। इस हड़ताल की वजह से वेतन का भुगतान प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए लेखा महानियंत्रक ने 25 सितंबर को ही वेतन जारी करने का एक कार्यालय ज्ञापन जारी किया।

कहीं पड़े-पड़े दवाई हो गई एक्सपायर तो कहीं एक्सपायरी और मैन्युफैक्चरिंग डेट ही गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

सरगुजा के शासकीय अस्पतालों में हरिभूमि टीम की पड़ताल

शासकीय अस्पतालों में दवा सप्लाई करने का काम छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन द्वारा किया जा रहा है लेकिन शासकीय अस्पतालों में दवा सप्लाई के दौरान बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। अस्पताल में सप्लाई की जा रही दवाओं के पैकेजिंग पर निर्माण और कालातीत अवधि अंकित की जा रही है लेकिन अंदर दवाओं के डिब्बों पर इसका कोई जिक्र नहीं होने से भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। अस्पताल ⏭शेष पेज 2 पर

हरिभूमि फॉलोअप





सोल्यूशन के डिब्बे पर नहीं थी कोई जानकारी

अस्पताल में सप्लाई की गई हाईड्रोजन पाराक्साइड सोल्यूशन के कार्टून पर तो मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट अंकित थी लेकिन सोल्यूशन के डिब्बे के ऊपर इसकी कोई जानकारी नहीं थी। ऐसे में जब यह दवा उपयोग के लिए दी जाएगी तो इसके उपयोग पर पर संशय होना लाजमी है। अस्पताल में कई ऐसे मरीज के परिजन भी मिले जिन्हें ⏭ शेष पेज 2 पर

सीएम बोले-रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक

8 घंटे में 1188 महिलाओं ने दिया खून गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रक्तदान महाकुंभ में बुधवार को बड़ा रिकार्ड बना। यहां 12,548 लोगो ने किया रक्तदान, जिसमें 1,188 महिलाएं थी। एक ही दिन में 8 घंटे के भीतर सबसे अधिक महिलाओं के रक्तदान की ऐतिहासिक पहल को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। कार्यक्रम में मौजूद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक है। रक्तदाता द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद ⏭शेष पेज 2 पर



मजबूत हो रही प्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि रक्तदान के माध्यम से किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है और इतनी बड़ी संख्या में नागरिकों का स्वेच्छा से आगे आना समाज में सेवा भावना की मजबूती को दर्शाता है। स्वास्थ्य मंत्री ने नागरिकों से आयुष मेले, स्वास्थ्य जांच शिविर और शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया।

चिंतन

दोहरा रवैया अपनाना बंद करे अमेरिका

अंतरराष्ट्रीय राजनीति में अमेरिका की भूमिका हमेशा से ही प्रभावशाली रही है, लेकिन मौजूदा समय में उसकी ईरान नीति कई सवाल खड़े कर रही है। एक तरफ अमेरिका ईरान के साथ बातचीत की मेज पर बैठ रहा है, मध्यस्थता के जरिए संवाद हो रहा है और समझौते की संभावनाएं तलाशने की बात कही जा रही है। दूसरी तरफ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान को सैन्य कार्रवाई की धमकी दे रहे हैं। आखिर अमेरिका चाहता क्या है, बातचीत या टकराव? दुनिया के सामने यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि ऐसा दोहरा रवैया किसी भी कूटनीतिक प्रयास की विश्वसनीयता को कमजोर करता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान अमेरिका और ईरान के अधिकारियों के बीच करीब तीन घंटे बातचीत होना इस बात का संकेत है कि संवाद का रास्ता पूरी तरह बंद नहीं हुआ है। यदि बातचीत संभव है तो उसे गंभीरता से आगे बढ़ाया जाना चाहिए। धमकी और बातचीत एक साथ चलेंगी तो अविश्वास बढ़ेगा। अमेरिका के पास दुनिया की बड़ी सैन्य और आर्थिक ताकत है, लेकिन किसी देश को सैन्य कार्रवाई से तबाह करने की चेतावनी देना समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता। ईरान का रवैया भी कम कठोर नहीं है। उसने होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी हटाने, विदेशों में जमा अपनी संपत्तियां जारी करने और क्षेत्रीय मोर्चों पर युद्ध समाप्त करने जैसी शर्तें रखी हैं। इन मांगों पर दोनों देशों के बीच मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन इनका समाधान बातचीत से ही निकल सकता है। होर्मुज जैसे महत्वपूर्ण जलमार्ग को बंद रखना केवल अमेरिका या ईरान का मामला नहीं है। इसका सीधा असर पूरी दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ता है। होर्मुज से तेल और गैस की बड़ी मात्रा का परिवहन होता है। यहां तनाव बढ़ने का मतलब है ऊर्जा की कीमतों पर दबाव, परिवहन लागत में वृद्धि और महंगाई का बढ़ना। अंततः इसका भुगतान आम आदमी अपनी जेब से करता है। अमेरिका की विदेश नीति में दोहरे मापदंड का सवाल रूस के संदर्भ में भी उठता है। अमेरिका रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध और 100% तक टैरिफ लगाने की धमकी देता है, जबकि खुद रूस से यूरेनियम जैसे सामरिक उत्पाद खरीदता है। भारत को अपनी ऊर्जा जरूरतों, आर्थिक हितों और रणनीतिक संबंधों के बीच संतुलन बनाना पड़ता है। ऐसे में किसी भी बड़ी शक्ति द्वारा एकतरफा दबाव वैश्विक व्यापार के लिए नई मुश्किलें पैदा कर सकता है। दुनिया पहले ही युद्धों, आपूर्ति संकट और महंगाई की चुनौतियों से जूझ रही है। अमेरिका को यह समझना होगा कि ताकत का इस्तेमाल और प्रदर्शन दो अलग चीजें हैं। जिम्मेदार वैश्विक नेतृत्व का अर्थ यह नहीं कि हर विवाद में सैन्य विकल्प को सामने रखा जाए। असली नेतृत्व तो तब दिखाई देता है, जब ताकतवर देश अपने प्रभाव का इस्तेमाल युद्ध रोकने और बातचीत को सफल बनाने में करे। साथ ही ईरान को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। होर्मुज को लंबे समय तक दबाव बनाने के साधन के रूप में इस्तेमाल करना किसी भी पक्ष के हित में नहीं है। ईरान को भी बातचीत के जरिए व्यावहारिक समाधान की दिशा में बढ़ना होगा। आज दुनिया को एक स्थिर ऊर्जा बाजार, सुरक्षित व्यापार मार्ग और शांतिपूर्ण समाधान चाहिए। अमेरिका को दोहरा रवैया छोड़कर स्पष्ट नीति अपनानी होगी और ईरान को भी कठोर शर्तों से आगे बढ़कर व्यावहारिक रास्ता तलाशना होगा। धमकी से दुनिया डर सकती है, लेकिन स्थायी शांति नहीं बन सकती।



मुद्दा
प्रो. (डॉ.) मनोज दयाल

भारतीय पेशेवरों का बदलता रुख

पिछले एक साल में भारतीय टैलेंट का भूगोल पूरी तरह बदल गया है। अब प्रवृत्ति अमेरिका जाने की नहीं, अमेरिका छोड़ने की है। कोई जर्मनी और नीदरलैंड जा रहा है, कोई दुबई और सिंगापुर, और सबसे महत्वपूर्ण–एक बड़ी संख्या अब गर्व के साथ भारत लौट रही है। यह सिर्फ नौकरी बदलना नहीं है, यह सोच बदलना है। आंकड़े डराते नहीं, जगाते हैं। यह बदलाव हवा–हवाई नहीं है। इसके पीछे ठोस आंकड़े और कठोर अमेरिकी नीतियां हैं। पहला झटका, विश्वविद्यालयों में सन्नाटा छाया। अमेरिकी विश्वविद्यालयों में विदेशी छात्रों के आवेदनों में 60 प्रतिशत की अभूतपूर्व कमी आई है। जो मेधा समंदर पार गई थी, वह अब समंदर पार कर लौट रही है। यह सिर्फ एक प्रवृत्ति नहीं, भारत के विश्वगुरु बनने की प्रस्तावना है।

एक समय था जब भारतीय माता-पिता अपने मेधावी बच्चे को आशीर्वाद देते थे - बेटा, अमेरिका जा।' अमेरिका जाना सफलता का अंतिम प्रमाण-पत्र था। आईआईटी के बाद स्टैनफोर्ड, पीएचडी के बाद सिलिकॉन वैली और फिर ग्रीन कार्ड। इसे ही 'अमेरिकन ड्रीम' कहा जाता था। अब वह ड्रीम डगमगा रहा है और भारतीय पेशेवर जाग रहा है। पिछले एक साल में भारतीय टैलेंट का भूगोल पूरी तरह बदल गया है। अब प्रवृत्ति अमेरिका जाने की नहीं, अमेरिका छोड़ने की है। कोई जर्मनी और नीदरलैंड जा रहा है, कोई दुबई और सिंगापुर, और सबसे महत्वपूर्ण-एक बड़ी संख्या अब गर्व के साथ भारत लौट रही है। यह सिर्फ नौकरी बदलना नहीं है, यह सोच बदलना है।

आंकड़े डराते नहीं, जगाते हैं। यह बदलाव हवा-हवाई नहीं है। इसके पीछे ठोस आंकड़े और कठोर अमेरिकी नीतियां हैं। पहला झटका, विश्वविद्यालयों में सन्नाटा छाया। अमेरिकी विश्वविद्यालयों में विदेशी छात्रों के आवेदनों में 60 प्रतिशत की अभूतपूर्व कमी आई है। यह सामान्य गिरावट नहीं है। ऐतिहासिक पलायन है। कभी हार्वर्ड और एमआईटी में दाखिला भारतीय मध्यम वर्ग का सपना था। आज वही वर्ग पूछ रहा है - क्या चार साल बाद वीजा मिलेगा भी या नहीं? दूसरा झटका,एच-1बी की एक लाख डॉलर वाली दीवार खड़ी की गई। अमेरिका ने पिछले वर्ष सितंबर में एच-1बी वीजा की फीस बढ़ाकर एक लाख डॉलर यानी लगभग 84 लाख रुपये कर दी। यह फीस नहीं, एक तरह की सजा है। इसका असर तत्काल दिखा - महज एक वर्ष में एच-1बी आवेदनों में 10 प्रतिशत की गिरावट। छोटी और मझोली अमेरिकी कंपनियों ने तो भारतीय पेशेवरों को बुलाना ही बंद कर दिया है। अब सिर्फ गूगल-माइक्रोसॉफ्ट जैसे दिग्गज ही यह फीस भर सकते हैं। तीसरा और सबसे बड़ा झटका, वैज्ञानिकों का पलायन आरंभ हो चुका है। अमेरिका की असली ताकत उसके लैब थे। पर अब लैब खाली हो रहे हैं। भौतिकी में पीएचडी करने वाले विदेशी स्कॉलर्स के अमेरिका छोड़ने की दर 2023-24 में 16 प्रतिशत थी, जो 2024-25 में बढ़कर 29 प्रतिशत हो गई।

यह तीन दशक में अमेरिका छोड़ने की सबसे बड़ी बढ़ोतरी है अर्थात, अमेरिका अब सिर्फ कोडर नहीं, अपने भविष्य के नोबेल विजेताओं को भी खो रहा है। ग्रीन कार्ड के लिए 20 साल का इंतजार, हर चुनाव में आप्रवासियों को विलेन बनाना और कैंपस में बढ़ती असुरक्षा ने इस मोहभंग को पूरा कर दिया है। अब अमेरिका को नुकसान, यूरोप-एशिया को लाभ प्राप्त हो रहा है। जहां अमेरिका ने दरवाजा बंद किया है, वहीं यूरोप और एशिया ने बाहें खोली हैं। जर्मनी ने अपना 'चांस कार्ड' और 'ऑपर्चुनिटी कार्ड' उदार कर दिया है। वह भारतीय इंजीनियरों को बिना जॉब ऑफर के ही 1 साल का वीजा दे रहा है। नीदरलैंड और स्वीडन 30 प्रतिशत टैक्स छूट दे रहे हैं। यूएई और सऊदी अरब 10 साल का गोल्डन वीजा दे रहे हैं, सिंगापुर ने 'टेक-पास' में भारतीयों का कोटा दोगुना कर दिया है। भारतीय पेशेवर अब समझ गया है कि जीवन स्तर सिर्फ डॉलर से नहीं नापा जाता। यूरोप में काम के बाद जीवन है, एशिया में घर के करीब होने का सुकून है। वहां 5 बजे के बाद ऑफिस बंद होता है और नस्लीय टिप्पणी का डर नहीं सताता। इन सबके पीछे सबसे बड़ी कहानी है-वापसी-कम्प्रोमाइज नहीं,



चॉइस है। लेकिन इस पूरी कहानी का सबसे उज्ज्वल अध्याय है - भारत वापसी। पहले अमेरिका से लौटना विफलता माना जाता था। रिश्तेदार पूछते थे- 'नौकरी चली गई क्या?' आज लौटना सबसे बड़ी सफलता है। नैसकॉम के अनुसार रिवर्स ब्रेन ड्रेन में पिछले 18 महीनों में 35-40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बेंगलुरु एयरपोर्ट पर अब हर सप्ताह ऐसे परिवार उतरते हैं जिन्होंने सैन फ्रांसिस्को वाला घर बेचकर हैदराबाद में घर ले लिया है। यह वापसी भारत के भविष्य के लिए पांच बड़े वरदान लेकर आई है। पहला, स्वदेशी, स्वरोजगार और स्टार्टअप को नई ऊर्जा। जो युवा अमेजन में प्रोडक्ट मैनेजर था, वह अब इंदौर में एग्री-टेक स्टार्टअप बना रहा है। जो बोस्टन में कैंसर पर रिसर्च कर रहा था, वह अब पुणे में सस्ती दवा बना रहा है। उनके पास ग्लोबल एक्सपोजर है और भारतीय समस्या की समझ। यही आत्मनिर्भर भारत का असली मॉडल है - वैश्विक ज्ञान, भारतीय समाधान। इससे स्वरोजगार बढ़ेगा, नौकरी मांगने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बनेंगे। दूसरा, मातृभूमि से प्रेम की प्रगाढ़ता। यह आर्थिक नहीं, सांस्कृतिक वापसी है। कोविड ने सिखाया कि अंत में ऑक्सीजन सिलेंडर अमेरिका से नहीं, पड़ोस से आता है। अब युवा पूछ रहा है कि जब बेंगलुरु में ही 2 करोड़ का पैकेज और विश्वस्तरीय जीवन है, तो मैं मां से 14 हजार किलोमीटर दूर क्यों रहूं? यह मातृभूमि के प्रति प्रेम की पुनर्प्रतिष्ठा है। तीसरा, परिवारों के लिए संजीवनी। इसका सबसे मानवीय लाभ हमारे घरों में दिख रहा है।

देश में बैठे माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी, भाई-बहन के लिए यह किसी आर्थिक पैकेज से बड़ा है। जब बेटा-बहू अमेरिका में होते थे, तो दादा-दादी वीडियो कॉल पर पोते को देखते थे। अब वही दादा-दादी पोते को कहानी सुना रहे हैं। बुजुर्गों का अकेलापन घट रहा है। परिवार में त्योहार फिर से त्योहार लग रहे हैं। यह वह सुख है, जो डॉलर से नहीं खरीदा जा सकता। चौथा, सामाजिक समरसता और कुटुंब प्रबोधन। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने 'कुटुंब प्रबोधन' का जो विचार दिया था कि परिवार ही समाज की प्रथम पाठशाला है, यह वापसी उसी को सशक्त कर रही है। जब परिवार साथ रहता है, तो बच्चे अपनी भाषा, अपने त्योहार, अपनी जड़ों से जुड़ते हैं। यह स्वदेशी जीवन-शैली का पुनर्जागरण है। इससे समाज में वह समरसता आएगी जो वृद्धाश्रमों से नहीं, साथ रहने से आती है। पांचवां, भारत के लिए ग्लोबल अनुभव का मुफ्त उपहार। अमेरिका ने 30 साल तक भारतीयों को ट्रेनिंग दी।अब वह ट्रेंड मैनपावर भारत को मुफ्त में मिल रही है। यह ब्रेन ड्रेन का रिवर्स होना नहीं, ब्रेन गेन का महाविस्फोट है। हम कह सकते हैं कि अमेरिका के लिए चेतावनी, भारत के लिए अवसर है। अमेरिका ने इतिहास से कुछ नहीं सीखा। 1930 में जब उसने यहूदी वैज्ञानिकों को रोका, तो लाभ अमेरिका को नहीं, जर्मनी को हुआ। आज वही गलती भारतीयों के साथ हो रही है। अमेरिका को समझना होगा कि एक लाख डॉलर की फीस से आप एक भारतीय को रोक सकते हैं, उसके आइडिया को नहीं। वह आइडिया अब बेंगलुरु में स्टार्टअप बनेगा, बर्लिन में बिकेगा और दुनिया पर राज करेगा। भारत के लिए यह अमृतकाल का सबसे बड़ा अवसर है। हमें लौटते हुए भारतीयों के लिए रेड कार्पेट ही नहीं, रेड टेप खत्म करना होगा। उनके बच्चों के लिए स्कूलों में दाखिला, बिजनेस के लिए सिंगल विंडो और रिसर्च के लिए फंडिंग आसान करनी होगी। आज कहने का समय है - 'आओ, देश आकर देश को रोशन करो।' जो मेधा समंदर पार गई थी, वह अब समंदर पार कर लौट रही है। यह सिर्फ एक प्रवृत्ति नहीं, भारत के विश्वगुरु बनने की प्रस्तावना है।

(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

सचेत
विवेक मिश्रा



जी-2 के ग्रह चक्रों में फंसने से बचे भारत

भारत की आतिथ्य पूर्ण अगुवाई में ब्रिक्स देशों का 18वां शिखर सम्मेलन, सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। प्रत्यास्थता, नवाचार, सहयोग और स्थिरता जैसे उद्देश्यों के प्रति संकल्पित, यह विश्व के दक्षिणी हिस्से का प्रतिनिधित्व करने वाले राष्ट्र अध्यक्षों का समागम बना था। जहां सर्वसम्मति से 140 बिंदुओं पर आधारित 'नई दिल्ली घोषणा पत्र' को आत्मसात किए जाने की उद्घोषणा हुई। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर सहयोग व सुरक्षा, एकतरफा टैरिफ और प्रतिबंधों का विरोध, सदस्य देशों के बीच स्थानीय मुद्राओं में व्यापार जैसे विषय प्रमुखता के साथ रेखांकित हुए थे। ब्रिक्स के साझा हितों पर धुर विरोधी राष्ट्र भी भारतीय नेतृत्व में एकमत दिखे। विषमताओं में विश्व विस्मित करती, यह विलक्षण भारतीय विदेश नीति विश्वव्यापी विश्वास की आधारशिला बन सकती है। यह सत्य है कि यथार्थ के धरातल पर अभी इस सहमति का परिणीति तक पहुंचना बाकी है। मौजूदा चुनौतियों में तात्कालिक आवश्यकताओं को दर्शाता और उनसे निपटने के समाधानों को सुझाता यह घोषणा पत्र , सभी सदस्य देशों की साझा जरूरतों को पूरा करता है। अतः इसके लागू होने में बाधाएं कम ही प्रतीत होती हैं, बशर्ते द्वेष पूर्ण मानवीकृत बाधाओं को न जन्माया जाए। हम कुछ उदाहरणों से इसे समझ सकते हैं, जैसे ब्रिक्स देशों द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के पारदर्शी, समावेशी व जवाबदेही पूर्ण साझा इस्तेमाल का लक्ष्य रखते ही ए.आई. से पैदा होने वाले खतरों के विषय में चर्चाएं तेज हो गई। ए.आई. सुरक्षा और अनुसंधान कंपनी एंथ्रोपिक के भूतपूर्व पदाधिकारी जेकब कॉक्सोन चिंताएं व्यक्त करते हुए कहतें है कि यह तकनीक 2030 तक इंसानों को पूरी तरह खत्म कर देगी। तकरीबन यही बात एआई के गॉड फादर माने जाने वाले जॉफ्री हिंटन भी कहते हैं कि आने वाले एक दशक में एआई के कारण इंसानियत के खत्म होने का 10 से 20 फीसदी तक जोखिम है। यहां गौर करने वाली बात है कि जॉफ्री हिंटन कुछ दिन पहले तक इसी जोखिम के लिए दुनिया को अगले 30 साल का समय दे रहे थे। बिल गेट्स, बर्नी सैंडर जैसे नामचीन लोगों को एक साथ चिंताएं नजर आई।

यू.एन. के प्रमुख एंटोनिया गुटेरस ने तो इसे मानवता के अस्तित्व के लिए खतरा बताया। चीन ने ब्रिक्स में मुखरता से ओपन सोर्स ए.आई. की बात रखी थी। ब्रिक्स के विकासशील देशों का तकनीकी सशक्तिकरण चीन के वैश्विक प्रभुत्व को स्थापित करेगा, तब जबकि अमेरिका और यूरोप अपनी ए.आई. विकास यात्रा को संकीर्णता में बांध रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, मुक्त तकनीक विस्तार नहीं चाहते हैं, जबकि चीन आश्चर्यजनक रूप से खुले दिल को दर्शा रहा है। वहीं बड़ी ए.आई. कंपनियां भी शोध में चीन के विस्तृत कार्यक्षेत्र से प्रतिस्पर्धा नहीं चाहती हैं। ए.आई तकनीक पर अचानक खड़ा किया गया यह शोर दरअसल ब्रिक्स से निकले संयुक्त तकनीकी संकल्पों को बाधित करने का प्रयास मात्र है। ब्रिक्स देशों के बीच स्थानीय मुद्रा में व्यापार करने की खबरें, अमेरिकी औपनिवेश की डॉलर डिक्टेटरशिप (मौद्रिक तानाशाही) को इस प्रकार चुभी कि, अमेरिकी संसद ने पक्ष-विपक्ष का भेद दूर करके, रूस से तेल खरीदने वाले शीर्ष 5 देशों पर 100% टैरिफ बिल पास कर दिया। चीन, टैरिफ वाली ट्रंप नीति के पर पहले ही कतर चुका है, दुर्लभ खनिज अमेरिकी कंपनियों को सुलभता से मिलते रहें, अमेरिकी सरकार यह सबसे पहले सुनिश्चित करेगी। प्रसंस्कृत स्थायी चुम्बकों व यिट्रियम पर चीन का एकाधिकार और इन पर अमेरिकी निर्भरता, चीन पर लगने वाले सभी टैरिफों को स्वतः ही अप्रभावी बना देती है।

टैरिफ का भी सबसे बुरा प्रभाव भारत पर पड़ता है। दूसरी ओर मक्का पैक्ट के साझेदार सऊदी अरब और पाकिस्तान अपने-अपने तरह से भारत के सामने संघर्ष को बढ़ावा दे रहे हैं। पाकिस्तान चेतावनियों के बावजूद समुद्री आवागमन के रास्ते पर भारतीय युद्धपोतों से टकराव पैदा कर रहा है, तो सऊदी अरब भारत को तेल आपूर्ति करने में निजी हित तौल रहा है। सऊदी अरब भारत को स्पॉट मार्केट से तेल खरीदने को कहता है, अर्थात ऊंची बोली लगाकर स्वयं की जिम्मेदारी पर, अपने संसाधनों से तेल को भारत लाना। जो परंपरागत एनुअल कॉन्ट्रैक्ट से एकदम उलट है। भारत के लिए सबसे बेहतर व सशक्त विकल्प यही है कि वह आने वाले कुछ वर्षों तक संघर्ष को टाल, उपस्थित परिस्थितियों व संसाधनों में यथासंभव अपनी प्रगति प्रशस्त करता चले। सजगता इतनी रहे कि ब्रिक्स की धुरी पर घूर्णन करते हम अपने इर्द-गिर्द चक्कर लगाते ग्रहों के चक्रों में न फंस जाएं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

मानव अपनी दौड़ को सीमित करे



संकलित
दर्शन

सिकन्दर को एक महात्मा ने कहा, तुम भारत को जीत कर क्या करोगे? सिकंदर ने कहा, पहले मैं अफगानिस्तान जीतूंगा। महात्मा ने पूछा फिर? फिर मैं उजबेकिस्तान, रुस आदि देश जीतूंगा। महात्मा ने पूछा फिर? सिकन्दर बोला फिर मैं आराम करूंगा। महात्मा ने कहा अगर तुम इतना सब करके ही आराम करने वाले हो तो आज ही आराम करो तो क्या कठिनाई है? सिकन्दर कोई उत्तर नहीं दे सका। मानव की एक तृष्णा होती है अप्राप्त को प्राप्त करने की। इस तृष्णा के अन्तर्गत जीवन भर वह भाग दौड़ करता ही रहता है, फिर भी जब उसकी मृत्यु होती है, तो उस समय तक बहुत कुछ अप्राप्त ही रह जाता है। विश्व और विश्व के उपादान इतने विस्तृत है कि कोई भी व्यक्ति उन्हें पूर्ण रुप से प्राप्त नहीं कर सकता, यह स्पष्ट होते हुए भी मानव अपनी तृष्णा को निरन्तर बढ़ाता ही रहता है। आराम-सुख-शान्ति-आनन्द ये तत्व तो उसके लिए दुर्लभ ही हो जाते हैं क्यों कि वह तो जीवनभर अर्जन करने में ही जुटा रहता है। और ऐसा करते-करते ही अपना मानव जीवन बिताकर दुनियां से चला जाता है। शास्त्रों का संदेश है। मानव अपनी दौड़ को सीमित करें।

एकाग्रता के बिना मंत्र जप नहीं हो सकता



संकलित
प्रेरणा

एक दिन सरयू नदी के किनारे पर गोस्वामी तुलसीदास प्रवचन दे रहे थे। वे अक्सर यहां प्रवचन देते थे। इस दौरान तुलसीदास जी लोगों की समस्याओं का समाधान भी करते थे। एक दिन तुलसीदास जी आंखें बंद करके जप कर रहे थे। एक व्यक्ति ने पूछा कि आप आंखें बंद कर किसे याद कर रहे हैं? तुलसीदास जी बोले कि मेरे राम को। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि तो क्या ये जरूरी है कि भगवान के नाम का जप किया जाए? तुलसीदास जी ने कहा कि हां, ये तो बहुत जरूरी है। नाम जप करने से मन काबू में रहता है। जिन लोगों का मन काबू रहता है, वे शांत रहते हैं। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि जब मैं नाम जप करने बैठता हूं तो मन नहीं लगता है, मुझे क्या करना चाहिए? तुलसीदास जी बोले कि कई लोगों की ये समस्या है, जप में मन नहीं लगता। इस कारण लोग भक्ति करना ही छोड़ देते हैं। एक बात हमेशा ध्यान रखें, मन लगे या न लगे, हमें जप करते रहना चाहिए। हमारा मन एक भूमि की तरह है। भूमि में बीज बोने पर उससे पौधा जरूर उगता है, बीज उल्टा गिरे या सीधा, पौधा तो उगता ही है। ठीक इसी तरह हमें भी मन में भक्ति का बीज बोते रहना चाहिए। जप के लिए सबसे जरूरी है एकाग्रता। सभी को एकाग्रता की जरूरत है। अशांत मन एकाग्र नहीं हो सकता है। जप करते रहेंगे तो मन शांत रहेगा, एकाग्रता बनी रहेगी। जप करने से देर से ही सही, लेकिन इसका सकारात्मक फल जरूर मिलता है।

अंतर्मन



आज की पाती

भारत की बेमिसाल धरोहर है आयुर्वेद

हमारे देश में 23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस मनाया जाता है। इस बार इस दिवस की थीम है स्वास्थ्यवर्धक भविष्य के लिए आयुर्वेद। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य आयुर्वेद के लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है। और इसके महत्व दुनिया को बताना भी है। केंद्र सरकार ने आयुर्वेद को दुनिया भर में एक नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से इस दिवस को मनाने की शुरुआत की थी। जब दुनिया भर में वैश्विक महामारी ने कहर मचाया हुआ था, तब भी और अब भी हमारे देश के लोग ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के लोगों ने हमारे देश की इस धरोहर को अपना कर अपनी रोगों से लड़ने की क्षमता को बढ़ाने का प्रयास किया और अब भी कर रहे हैं। आयुर्वेदिक पद्धति को दुनिया में एक नया आयाम मिला है। -हरिश बघेल, राजनांदगांव

ट्रेंड

आयुर्वेद की भूमिका



मोदी सरकार आयुर्वेद को आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ जोड़कर इस गौरवशाली विरासत को विश्व में एक नई पहचान दिला रही है। आइए, हम स्वस्थ भारत के निर्माण में आयुर्वेद की भूमिका को और अधिक सुदृढ़ करने का संकल्प लें।
- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

समाज पर असर



राष्ट्रपति की अपील बहुत महत्वपूर्ण है। लोग अपने पसंदीदा कलाकारों को देखते और सुनते हैं, और उनसे प्रभावित भी होते हैं। इसलिए, कलाकारों का हर संदेश समाज पर असर डालता है। असली स्टार वही है जो सेहत और अच्छे मूल्यों का प्रकाश फैलाता है।
- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री

गहरी संवेदनाएं



पलामू में करम डाली विसर्जन के दौरान नदी में कुछ लोगों के डूबने की खबर बेहद दुखद और ममाहित करने वाली है। इस दुखद घटना में जान गंवाने वाले सभी लोगों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। मैं मारंग बुरु से प्रार्थना करता हूं कि वे दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें।
- हेमंत सोरेन, सीएम, झारखंड

सार्थक जीवन



ज़रूरी यह नहीं है कि आप कितने लंबे समय तक जीते हैं, बल्कि यह है कि क्या आप एक सार्थक जीवन जीते हैं। इसका मतलब पैसा और शोहरत जमा करना नहीं, बल्कि अपने साथी इंसानों की सेवा करना है। - दलाई लामा, आध्यात्मिक गुरू

प्यूर्तो रिको के दो अखबार बंद करेंगे प्रिंट संस्करण

प्यूर्तो रिको के दो प्रमुख अखबारों ने आने वाले दिनों में अपने प्रिंट संस्करण बंद करके केवल डिजिटल रूप में उपलब्ध रहने की घोषणा की है। यह कदम दुनियाभर में प्रिंट मीडिया से डिजिटल माध्यम की ओर बढ़ते रुझान का हिस्सा है। प्यूर्तो रिको की कंपनी जीएफआर मीडिया ने कहा कि यह निर्णय उपभोक्ताओं की बदलती आदतों को देखते हुए लिया गया है। यह कंपनी 'एल नुएवो डिया' और 'प्रिमेरा होरा' अखबार प्रकाशित करती है। अखबारों के अनुसार, 'प्रिमेरा होरा' का अंतिम प्रिंट संस्करण 24 सितंबर को और 'एल नुएवो डिया' का अंतिम प्रिंट संस्करण 27 सितंबर को प्रकाशित होगा। जीएफआर मीडिया की प्रकाशक मारिया लुइसा फेरे रेंगल ने एक बयान में कहा, 'हम 21वीं सदी के प्यूर्तो रिको के साथ आगे बढ़ रहे हैं, जहां आज नौ करोड़ से अधिक प्यूर्तो रिकन लोग द्वीप, अमेरिका, यूरोप और दुनिया के अन्य हिस्सों में रहते हैं। हम हमेशा प्यूर्तो रिको के साथ रहे हैं और आगे भी जहां-जहां प्यूर्तो रिको होगा, वहां मौजूद रहेंगे।' यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो सका कि इस फैसले से कितने लोगों की नौकरी जाएगी। जीएफआर मीडिया के एक प्रवक्ता ने कहा कि फिलहाल कंपनी की ओर से आधिकारिक बयान के अलावा कोई अन्य टिप्पणी नहीं की जाएगी।



रात में पसीना आने के कई कारण हो सकते हैं

पसीना आना शरीर की शीतलन प्रणाली का एक सामान्य हिस्सा है, जो गर्मी छोड़ने और शरीर के इष्टतम तापमान को बनाए रखने में मदद करता है।



लेकिन नियमित रूप से रात में जागना, अत्यधिक पसीने से भीगना सही नहीं है। मस्तिष्क में स्थित हाइपोथैलेमस, अंत:स्रावी तंत्र का हिस्सा है और शरीर के लिए तापमान नियंत्रण केंद्र है। इसमें तापमान सेंसर होते हैं जो केंद्रीय रूप से (अंगों में) और परिधीय रूप से त्वचा में स्थित तंत्रिका कोशिकाओं (थर्मोरिसेप्टर्स) से जानकारी प्राप्त करते हैं। थर्मोरिसेप्टर्स शरीर के तापमान में बदलाव का पता लगाते हैं, हाइपोथैलेमस को वापस संकेत भेजते हैं। ये संकेत या तो शरीर को ठंडा करने के लिए पसीने को सक्रिय करेंगे या शरीर को गर्म करने के लिए कंपकंपी को सक्रिय करेंगे। उम्र या लिंग कोई भी हो, किसी को भी रात में पसीना आने का अनुभव हो सकता है। लेकिन पुरुषों की तुलना में महिलाओं को रात में पसीना अधिक आता है, इसका मुख्य कारण रजोनिवृत्ति और संबंधित बदलते हार्मोन स्तर हैं। ऐसा माना जाता है कि एस्ट्रोजन के स्तर में बदलाव से नॉरपेनेफ्रिन और सेरोटोनिन के स्तर पर प्रभाव पड़ता है, ये दो न्यूरोट्रांसमीटर हैं, जो हाइपोथैलेमस में तापमान विनियमन को प्रभावित करते हैं।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

रायपुर, गुरुवार 24 सितंबर 2026 | भाद्रपद शुक्ल पक्ष त्रयोदशी | वर्ष : 25, अंक : 65 | पृष्ठ : 12+8 = 20 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी







गुफा खुलने पर मिले शेर के पदचिह्न

मंदिर के पुजारी ने बताया कि गुफा के भीतर प्रवेश करने पर सबसे पहले शेर के पदचिह्न दिखाई देते हैं। स्थानीय मान्यता के अनुसार इसे अच्छी बारिश, बेहतर फसल और सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। क्योंकि माता शेर पर सवार होती है। मां लिंगेश्वरी के दरबार में दूर-दूर से पहुंचने वाले श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूरी होने की कामना करते हैं।

बस्तर महाराजा, विधायक समेत कई जनप्रतिनिधियों ने किए दर्शन

मां लिंगेश्वरी के दर्शन करने वालों में बस्तर महाराजा कमलचंद भंजदेव भी अपनी धर्मपत्नी के साथ शामिल रहे। उन्होंने गुफा में प्रवेश कर विधिवत पूजा-अर्चना की और संतान प्राप्ति की कामना की। केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, पूर्व सांसद मोहन मंडावी समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने मंदिर पहुंचकर मां लिंगेश्वरी के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके अलावा सुबह से शाम तक अन्य जनप्रतिनिधियों का भी मंदिर पहुंचने का सिलसिला जारी रहा।

लिंगेश्वरी माता के दरबार में आस्था का सैलाब

संतान की कामना लेकर पहुंचे हजारों दंपति

भरत भारद्वाज ⏭ फरसगांव

कोंडागांव जिले के फरसगांव स्थित आलोर-झाटीबन की पहाड़ी गुफा में विराजमान मां लिंगेश्वरी का दरबार 23 सितम्बर बुधवार सुबह मंदिर पुजारियों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ⏭शेष पेज 2 पर

हरिभूमि फॉलोअप



1500 की मन्नत हुई पूरी

मंदिर समिति के अनुसार इस वर्ष 1,500 से अधिक श्रद्धालुओं की मन्नत पूरी होने का आंकड़ा दर्ज किया गया है। बताया गया कि इन दंपतियों ने वर्ष 2025 में मां लिंगेश्वरी के दरबार में पहुंचकर संतान प्राप्ति की मन्नत मांगी थी। मन्नत पूरी होने के बाद 2026 में ये दंपति अपनी संतान को साथ लेकर दोबारा मां लिंगेश्वरी के दर्शन और आभार प्रकट करने पहुंचे।

90 दिन पूरे होने से पहले पुलिस ने कोर्ट में पेश किया आरोप पत्र

राम मंदिर में दर्शन के नाम पर पैसे लेता था टिन्नू, 74 हजार पन्नों की चार्जशीट

अयोध्या में स्थित राम मंदिर चढ़ावे की चोरी से जुड़े मामले में पुलिस ने चार्जशीट दायर कर दी। चार बक्सा और एक गत्ते में पैक चार्जशीट लेकर पुलिस न्यायालय पहुंची। करीब 74 हजार पन्नों से अधिक चार्जशीट में कई खुलासे हुए हैं। सूत्रों का दावा है कि दर्शन के नाम पर आरोपी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू श्रद्धालुओं से पैसे लेता था। इधर, चार्जशीट दाखिल होने के बाद वकील आक्रोशित हो गए। उनका कहना था कि पहले हमें चार्जशीट की कापी देनी थी।

एजेंसी ⏭ अयोध्या

चढ़ावा चोरी मामले में पुलिस ने बुधवार को न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत कर दिया। 90 दिन की समयावधि बुधवार को पूरी हुई और विवेचक सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। चार्जशीट 74 हजार पन्नों से अधिक की बताई जा रही है। चार बक्सा और एक गत्ते में पैक चार्जशीट लेकर पुलिस न्यायालय पहुंची।

- आठ आरोपियों पर कई आरोप, खुलेंगे राम मंदिर चढ़ावा चोरी के राज

रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू के पास बिना किसी औपचारिक आदेश के दानपात्रों की चाबियां थीं। मामले की जांच में ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय के चालक रहे टिन्नू यादव के बयान में श्रद्धालुओं को दर्शन ⏭शेष पेज 2 पर

पुलिस ने किसके पास से क्या बरामद किया?

- अविनाश शुक्ल : 20 लाख 39 हजार 220 रुपए, 1121 यूएस डालर, 159.54 ग्राम चांदी, 8.11 ग्राम सोना और 3.44 ग्राम सोने की अंगूठी।
- अनुकल्प मिश्र : 16 लाख 82 हजार 40 रुपए।
- लवकुश मिश्र : 14 लाख 25 हजार रुपए।
- रमाशंकर मिश्र : सात लाख 32 हजार 170 रुपए और 24.72 ग्राम का चांदी का बिछुआ व चांदी के दो सिक्के।
- मनीष यादव : दो लाख रुपए।
- करुणेश पांडेय : 18 लाख सात हजार 63 रुपए।
- रामशंकर यादव टिन्नू : एक लाख रुपए।



तीन आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

आरोपी अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा और करुणेश पांडे की जमानत याचिकाओं को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। अब आरोपी जमानत याचिका के लिए हाई कोर्ट जाएंगे। बता दें कि इस मामले में कोर्ट में 22 सितंबर को सुनवाई हुई थी। इस मामले में वकील कुल शेखर सिंह का बयान सामने आया है और उन्होंने ही इस मामले की जानकारी दी है।

कोर्ट खुलते ही चार्जशीट दाखिल

सुबह कोर्ट खुलते ही पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी थी। इसके बाद अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल कोर्ट पहुंचा। बार अध्यक्ष की ओर से चार्जशीट पर संज्ञान से पहले उन्हें सुनने की मांग की गई। इस पर अदालत ने बार अध्यक्ष को सुनने के लिए समय दिया है। अधिवक्ता यह जानना चाह रहे हैं कि चार्जशीट में पूर्व महासचिव चंपत राय, राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा और गोपाल राव समेत अन्य का नाम है या नहीं।

टाइमलाइन

- 4 जून : गणना कक्ष में नकदी छिपाने का मामला सामने आया। जांच में सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए।
- 7 जून : सपा नेता पवन पांडेय ने मंदिर के दानपात्र और चढ़ावे से करोड़ों रुपये की चोरी का आरोप लगाया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी सोशल मीडिया पर मामले को उठाया। उसी दिन महासचिव चंपत राय ने स्पष्टीकरण जारी किया।
- 8 जून : तत्कालीन महासचिव चंपत राय ने आरोपों को खारिज किया।
- 10 जून : प्रधानमंत्री कार्यालय ने मामले की विस्तृत रिपोर्ट तलब की। इसी दिन नृपेंद्र मिश्र ने अयोध्या पहुंचकर बैठक की।
- 11 जून : राम मंदिर ट्रस्ट के पूर्व लेखाकार महिपाल सिंह का वीडियो सामने आया। इसमें उन्होंने दावा किया कि उन्होंने 2021-22 में चढ़ावे की चोरी पकड़ी थी और उससे संबंधित सीसीटीवी फुटेज डिलीट किए गए थे।
- 13 जून : श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आग्रह पर उत्तर प्रदेश सरकार ने मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की। टीम ने ट्रस्ट पदाधिकारियों, कर्मचारियों, बैंक अधिकारियों और गणना से जुड़े ⏭शेष पेज 2 पर

संयुक्त राष्ट्र महासभा में रखी अपनी बात

यूएन में बोले ईरानी राष्ट्रपति- हमारे लोग 'अमेरिकी आतंकवाद के शिकार'

एजेंसी ⏭ संयुक्त राष्ट्र

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान बुधवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाषण दिया। पेजेश्कियान ने अपने संबोधन में कहा कि उनके देश के लोग अमेरिका के 'आतंकवाद के शिकार' बन रहे हैं।

ईरान के राष्ट्रपति पेजेश्कियान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि ईरान को आतंकवादी बताना गलत है। उन्होंने यह भी कहा कि परमाणु ऊर्जा ईरान का हक है। पेजेश्कियान ने अमेरिका और इजरायल पर ईरान में आम नागरिकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। यूएनजीए में पेजेश्कियान का संबोधन शुरू होते ही यूएस डेलिगेशन ने असेंबली हॉल छोड़ दिया। पेजेश्कियान ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिका और इजरायल पर तीखा हमला बोला।



एक दिन पहले ट्रंप ने दी थी धमकी

गौरतलब है कि एक दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र के इसी मंच से कहा था कि यदि सात महीने से जारी युद्ध को खत्म करने के लिए जल्द ही कोई समझौता नहीं हुआ, तो वह इस्लामी गणराज्य ईरान को 'खत्म' कर सकते हैं।

ऐसा पहली बार

यह शायद पहली बार है, जब कोई विदेशी नेता अपने मुल्क के साथ युद्धरत देश के मंच से वैश्विक संस्था को संबोधित करेंगे। कड़ी सुरक्षा के बीच न्यूयॉर्क पहुंचे पेजेश्कियान, जिन्हें ईरान की राजनीति में एक उदारवादी नेता माना जाता है, विश्व भर के नेताओं को संबोधित किया।

हमने अपने ऊपर हुए हमले का बचाव किया'

पेजेश्कियान ने कहा, कल ट्रंप ने हमें आतंकवादी बताया, जबकि हम आतंकवाद के शिकार रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ईरान के निर्दोष नागरिकों को हमलों का निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा, अमेरिका और इजरायल ने अत्याधुनिक तकनीक के साथ हम पर हमला किया। उन्होंने हमें निशाना बनाया, लेकिन हमने घुटने नहीं टेके। हमने पूरी ताकत से अपना बचाव किया। ईरान अपनी आत्मरक्षा कर रहा है। ईरानी राष्ट्रपति ने इजरायल पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि इजरायल अलग-अलग शहरों और प्रांतों में इलाकों को निशाना बनाता है और हत्याएं करता है।

दिल्ली आ रहे विमान में खराबी, लंदन लौटा



नई दिल्ली। लंदन से दिल्ली आ रहा इंडिगो का ड्रीमलाइनर विमान तकनीकी खराबी के कारण बुधवार सुबह लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर वापस लौट गया। उड़ान निगरानी वेबसाइट फ्लाइटरडार24 डॉट कॉम पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, लंदन हीथ्रो से दिल्ली के लिए संचालित उड़ान संख्या 6E4 का बोइंग 787-9 विमान करीब एक घंटे तक हवा में रहने के बाद वापस लौट गया। सूत्र ने बताया कि विमान में कोई तकनीकी समस्या हुई थी और वह लंदन हीथ्रो हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया। इंडिगो की ओर से इस संबंध में तत्काल कोई बयान नहीं आया है।

पश्चिम एशिया तनाव

मालवाहक जहाज पर हमला भारतीय नागरिक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत की ओर जा रहे मालवाहक जहाज एमवी केप डाओ पर हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने इसकी जानकारी दी। हमले में जहाज पर सवार अन्य लोगों की सुरक्षा को लेकर दूतावास ओमानी अधिकारियों के संपर्क में है। भारतीय दूतावास ने एक्स पर बताया कि वह घटना पर लगातार नजर रख रहा है। जहाज पर कुल 19 भारतीय नागरिक सवार थे। दूतावास ने कहा कि एक भारतीय नागरिक की मौत से वह बेहद दुखी है और संवेदना व्यक्त करता है।



मृतक की पहचान

केंद्रीय मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ओमान तट के पास एमवी केप डाओ (एंटीगुआ और बारबुडा के ध्वज वाला मालवाहक पोत) पर हुए मिसाइल हमले में सिर में चोट लगने से मारे गए उत्तर प्रदेश के युवा नाविक वाइपर सूरज यादव के परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं। दुख की इस घड़ी में पूरा देश उनके परिवार के साथ है।

ओडिशा में झमाझम, छग समेत 19 राज्यों में अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भुवनेश्वर/रायपुर

समुद्र में बने गहरे अवदाब के कारण दक्षिणी और तटीय ओडिशा में बुधवार को भारी बारिश हुई, जिसके चलते अधिकारियों ने कम से कम 3,500 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा गहरे अवदाब के ओडिशा- ⏭शेष पेज 2 पर



इन राज्यों में भारी बारिश का अनुमान

आईएमडी ने कहा, इसके प्रभाव से 23 और 24 सितंबर को तटीय आंध्र प्रदेश और यानम, ओडिशा तथा छत्तीसगढ़ में और 24 व 25 सितंबर को तेलंगाना में भारी से बहुत भारी बारिश होने की बहुत अधिक संभावना है।

यहां ऐसा अनुमान मौसम विज्ञान केंद्र की निदेशक डॉ. मनोरमा मोहंती ने कहा, आंध्र प्रदेश में तट पार करने के बाद यह मौसम तंत्र कम तीव्रता के साथ रायगढ़ा और कोरापुट जिले के बीच किसी स्थान से ओडिशा में प्रवेश करेगा।

पटरी पार कर रहे थे पांच छात्र

ट्रेन की चपेट में आने से चार छात्रों की मौत, एक घायल



श्रीकाकुलम। आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के टेक्कली में बुधवार को रेलवे पटरी पार कर रहे चार छात्रों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई, जबकि एक छात्र घायल हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। श्रीकाकुलम जिले के पुलिस अधीक्षक के. वी. महेश्वर रेड्डी ने बताया कि हादसा टेक्कली शहर के राविवलासा इलाके में दोपहर करीब एक बजे हुआ। रेड्डी ने कहा, ट्रेन की चपेट में आने से चार छात्रों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया।



एशियन गेम्स में भारत ने अब तक जीते 12 पदक

28 साल का सूखा खत्म मीरा ने बनाया रिकॉर्ड

एजेंसी ⏭ नागोया

दिग्गज भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने बुधवार को यहां एशियाई खेलों में रजत पदक जीतकर महाद्वीपीय लंबे समय से चले आ रहे पदक के सूखे को खत्म किया। कर्णम मल्लेश्वरी 1998 के 28 साल बाद वेटलिफ्टिंग में भारत को पदक मिला है।

निशानेबाजी में स्कीट टीमों के दो कांस्य पदकों के बावजूद भारत का अभियान उतार-चढ़ाव भरा रहा। वर्ष 2014 से एशियाई खेलों में पदक का इंतजार कर रहीं मीराबाई ने महिला 49 किग्रा वर्ग में कुल 198 किग्रा (88 किग्रा स्नैच और 111 किग्रा क्लीन एवं जर्क) वजन उठाकर दूसरा स्थान हासिल किया।



मीरा बोलीं-जीवन अब पूरा हो गया

बत्तीस वर्षीय मीराबाई जब भी प्रतिस्पर्धा करती हैं, तो सुर्खियों में रहती हैं। तोक्यो ओलंपिक 2021 की रजत पदक विजेता मीराबाई ने सहज मुस्कान के साथ भारी वजन उठाया। उन्होंने कहा कि उनका जीवन अब पूरा हो गया है।

चीन टॉप पर, भारत 13वें स्थान पर

भारत एक गोल्ड, 5 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज के साथ मेडल टैली के 13वें स्थान पर है। वहीं, चीन 47 गोल्ड मेडल के साथ पहले नंबर पर है।

जैकेट के शेष

125 करोड़ का सरकारी कैंसर अस्पताल ...

में सौंपने की तैयारी कर रही है। कैंसर अस्पताल बनाने के लिए 125 करोड़ की राशि खर्च की गई है, जिसमें 70 करोड़ रूपए केंद्र और बाकी की राशि 55 करोड़ राज्य सरकार द्वारा लगाई गई है। निर्माण कार्य अंतिम दौर पर चल रहा है, वहीं उपकरणों की स्थापना भी शीघ्र ही पूरी हो जाएगी। ऐसे में संचालन के लिए 289 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया लंबित है, हालांकि इसमें से ज्यादातर पदों पर स्वीकृति मिल चुकी थी, लेकिन उद्घाटन से पहले ही अब अस्पताल में रखरखाव और संचालन की जिम्मेदारी के लिए निजी कंपनियों को खोजा जा रहा है।

अब स्मृति के हाथों में छत्तीसगढ़ भाजपा की ...

संगठन के समन्वय में प्रदेश प्रभारी की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार होने के कारण नए प्रदेश प्रभारी के सामने सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखने की जिम्मेदारी भी होगी। इसके साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद, संगठन को मजबूत करना और आगामी राजनीतिक एवं सांगठनिक गतिविधियों के लिए रणनीति तैयार करना भी प्रभारी की प्रमुख जिम्मेदारियों में शामिल रहेगा।

गोमती और सौरभ बनाए गए सह प्रभारी

भाजपा ने संगठनात्मक स्तर पर नियुक्तियां करते हुए छत्तीसगढ़ के दो नेताओं को दूसरे राज्यों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं। छत्तीसगढ़ के पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र से विधायक गोमती साय को गुजरात का सह-प्रभारी नियुक्त किया है। वहीं, अकलतरा के पूर्व विधायक और छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह को झारखंड का सह-प्रभारी बनाया गया है।

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ...

मेघायल- प्रभारी-कनाद पुरकायस्थ, सह प्रभारी- नुमल मोमिन मिजोरम- प्रभारी-भागवत कराड़
नागालैंड- अनिल एंटनी
ओडिशा- प्रभारी- डी पुरंदेश्वरी, सह प्रभारी- स्वदेश सिंह
राजस्थान- प्रभारी-संजय भाटिया, सह प्रभारी- कविता पाटीदार, कुलजीत चहल
पश्चिम बंगाल- प्रभारी-सुनील बंसल, सह प्रभारी-लाल सिंह आर्य, राजेंद्र सिंह, पिंकी कुशवाहा
तेलंगाना- प्रभारी-सुनील बंसल, सह प्रभारी- अभय पाटिल, रेखा शर्मा
बिहार- प्रभारी हरीष द्विवेदी, सह प्रभारी-संगीता यादव और रोहन गुप्ता
पंजाब-प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, सह प्रभारी-वीरेंद्र सचदेवा और अलका गुर्जर
हिमाचल प्रदेश-प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी-दर्शना सिंह
गोवा-प्रभारी भारती प्रवीण नायर, सह प्रभारी-अनिल एंटनी
उत्तराखंड-प्रभारी राम माधव, सह प्रभारी-अरविंद मेनन और बांसुरी स्वराज
त्रिपुरा- मृगांक देव वर्मान
तमिलनाडु- प्रभारी- राम माधव, सह प्रभारी- निर्मल कुमार सुराणा और डी. के. अरुणा
पुदुचेरी- के. सुरेंद्रन
लद्दाख- राजकुमार भाटिया
लक्षद्वीप-जॉर्ज कुरियन
अंडमान-निकोबार- जय प्रकाश
अरुणाचल प्रदेश- देवेश कुमार
दादर नगर हवेली और दमन द्वीप- वर्षा बेन नरेंद्र भाई जोशी

कहीं पड़े-पड़े दवाई हो गई एक्सपायर तो कहीं ...

में कई स्थानों पर बड़े पैमाने पर दवाएं एक्सपायर हो रही हैं। इतना ही नहीं ऐसी कई दवाइयां है जिनकी सप्लाई अस्पतालों में नहीं कराई जा रही है और उन दवाओं को अस्पताल प्रबंधन या तो बाहर से खरीद रहा है या फिर मरीजों को अपनी जेब से रूपए खर्च करना पड़ रहा है। सरगुजा के शासकीय अस्पतालों में दवा सप्लाई को लेकर बुधवार को हरिभूमि की टीम ने पड़ताल की। पड़ताल के दौरान टीम जब शहर के शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा पहुंची तो वहां बड़े पैमाने पर एक्सपायरी दवाइयां मिलीं। अस्पताल में कार्टून के अंदर पैरासिटामोल के इंजेक्शन एक्सपायर पाए गए। ये इंजेक्शन जून 2026 में ही कालातीत हो चुके हैं लेकिन अभी तक इन्हें डिस्पोज नहीं किया गया। बड़ी बात यह है कि सीजीएमएससी द्वारा अस्पतालों में दवाओं को खपत से अधिक मात्रा में सप्लाई किया जा रहा है जिससे वे पड़े पड़े एक्सपायर हो रही है। इसके बाद टीम मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंची जहां अस्पताल में कुछ ऐसी दवाइयां सामने आई जिनकी मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं थी।

सोल्यूशन के डिब्बे पर नहीं थी ...

अस्पताल के शासकीय दवा वितरण केंद्र से कई प्रकार की दवाइयां नहीं मिल पाई। ऐसा इसलिए क्योंकि इन दवाओं की सप्लाई सीजीएमएससी से नहीं की जा रही है।

धर्म परिवर्तन करने 2000 से ज्यादा ...

ईसाई समाज ने भी स्पष्ट किया है कि वे कहीं भी चंगाई सभा नहीं करते हैं। समाज के लोग मिल-जुलकर प्रार्थना करते हैं। समाज द्वारा मतांतरण नहीं किया जाता है। किसी भी अन्य समाज के लोग ईसाई समाज में आना चाहते हैं तो वे कानूनी प्रक्रिया पूरी करके आएं। इस बैठक के बाद ईसाई समाज द्वारा विभिन्न चर्चों में बोर्ड लगा दिया है कि प्रार्थना सभा में ईसाई धर्म के लोग आएंगे। अन्य समाज के लोग आते हैं तो वे खुद इसके लिए जिम्मेदार होंगे। उधर जिला प्रशासन को 2 हजार से अधिक लोगों ने विधिवत अपना धर्म परिवर्तन करने के लिए आवेदन दिया है।

8 घंटे में 1188 महिलाओं ने दिया खून ...

व्यक्ति के जीवन को बचाकर उसके परिवार के लिए नई उम्मीद बन सकता है। आज बड़ी संख्या में माताओं-बहनों, युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों का रक्तदान, देहदान और अंगदान के लिए आगे आना सेवा, संवेदनशीलता और सामाजिक दायित्व की प्रेरणादायी मिसाल है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने बुधवार को राजधानी के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित आयुर्वेद सेवा सम्मेलन, रक्तदान महाकुंभ एवं वृहद स्वास्थ्य जांच शिविर को संबोधित करते हुए सभी को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस की शुभकामनाएं दीं और रक्तदान, देहदान एवं अंगदान का संकल्प लेने वाले नागरिकों के सेवा भाव की सराहना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से प्रदेशभर में सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से जनसेवा और जनकल्याण के विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सेवा का यह अभियान समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ रहा है। रक्तदान से लेकर जरूरतमंद बच्चों के लिए पुस्तक, खिलौने और स्टेशनरी एकत्रित करने तक अनेक गतिविधियां इस अभियान को व्यापक जनभागीदारी का स्वरूप दे रही हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर आयोजित आयुर्वेद सेवा सम्मेलन और रक्तदान महाकुंभ इसी सेवा भावना का सशक्त उदाहरण है। विशेष रूप से इतनी बड़ी संख्या में माताओं-बहनों का रक्तदान के लिए आगे आना अत्यंत प्रेरणादायी है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, विधायक एवं पद्मश्री अनुज शर्मा, सहित विभिन्न निगम-मंडलों के अध्यक्षगण, प्रशासनिक अधिकारी, अर्धसैनिक बल एवं सेना के अधिकारी और जवान तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

पेज एक के शेष

लिंगेश्वरी माता के दरबार...

के लिए खोला गया। साल में केवल एक दिन खुलने वाले इस गुफा मंदिर में मां के दर्शन और संतान प्राप्ति की कामना लेकर बड़ी संख्या में निसंतान दंपति पहुंचे। लम्बी कतारों में घण्टों खड़े रहने के बाद श्रद्धालुओं को माता के दर्शन हुए। मन्दिर खुलने से 3 दिन पहले से ही मां लिंगेश्वरी के दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ समेत देश के अलग-अलग राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। बुधवार सुबह से ही मंदिर परिसर और दर्शन मार्ग पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। मंदिर समिति के अनुसार शाम तक एक लाख से अधिक श्रद्धालु मां के दर्शन कर चुके थे। कई श्रद्धालु दो दिन पहले से ही यहां पहुंचकर डटे हुए थे।

पुलिस ने किए थे सुरक्षा के कड़े इंतजाम : श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। ड्यूटी में एडिशनल एसपी, 5 डीएसपी, 8 निरीक्षक समेत 380 जवान तैनात किए गए थे। एसपी पंकज चन्द्रा स्वयं व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर रहे थे। मंदिर परिसर और प्रवेश मार्ग पर पुलिस बल की तैनाती के साथ स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई। मंदिर समिति के अनुसार मां लिंगेश्वरी के दर्शन का सिलसिला रात 12 बजे तक जारी रहेगा। इसके बाद श्रद्धालुओं का प्रवेश बंद कर मंदिर समिति द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ गुफा के द्वार दोबारा बंद कर दिए जाएंगे।

राम मंदिर में दर्शन के नाम...

कराने के नाम पर रुपये लेने और उन रुपयों से आभूषण खरीदने की बात कही गई है। जांच में यह भी सामने आने का दावा है कि मंदिर से जुड़े संपर्कों और प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए वाहनों को किराये पर चलाने से उसे करीब 90 हजार रुपये प्रतिमाह तक की आय होती थी। पुलिस ने इन दावों से जुड़े दस्तावेज और अन्य साक्ष्य चार्जशीट में शामिल किए हैं। अनुकल्प मिश्र और लवकुश मिश्र नकदी की गिनती से जुड़े थे। पुलिस का दावा है कि अनुकल्प के घर से करीब 20 लाख और लवकुश के घर से करीब 10 लाख रुपए बरामद हुए। मनीष यादव, सुभाष श्रीवास्तव, अविनाश शुक्ल, करुणेश पांडेय और रमाशंकर मिश्र भी नकदी की गिनती से जुड़े बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार अविनाश शुक्ल के बैंक खाते से 5 लाख रुपए की रिकवरी हुई थी।

चार्जशीट दायर करने के बाद बवाल, वकील नाराज : राम मंदिर चढ़ावे की चोरी से जुड़े मामले में पुलिस ने चार्जशीट दायर कर दी। चार्जशीट दायर करने के बाद बवाल मच गया। अधिवक्ताओं का कहना है कि चार्जशीट दाखिल करने से पहले उन्हें इसकी जानकारी और कॉपी दिखाई जानी चाहिए थी, ऐसा न होने से पूरे मामले में पारदर्शिता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस विवेचक और सीओ अयोध्या इस केस की चार्जशीट दाखिल करने के लिए एंटी करप्शन कोर्ट पहुंचे और जैसे ही यह खबर फैली कि चार्जशीट दाखिल की जा रही है, वहां मौजूद वकीलों ने इसका कड़ा विरोध किया। बुधवार को ही आरोपियों की गिरफ्तारी को 90 दिन पूरा हो रहा था। इससे पहले ही पुलिस ने जांच पूरी कर भ्रष्टाचार निवारण की विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी।

टाइमलाइन...

लोगों से पूछताछ शुरू की।

15 जून : एसआईटी ने चंपत राय और गोपाल राय समेत कर्मचारियों से पूछताछ की।

16 जून : एसआईटी ने फिर पूछताछ की और ट्रस्ट के करीब एक वर्ष पुराने दस्तावेज खंगाले।

ओडिशा में झमाझम, छग समेत...

आंध्र प्रदेश तट की ओर तेजी से बढ़ने की चेतावनी के बाद मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने राज्य में खराब मौसम से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जोर देकर कहा कि आपदा प्रबंधन में सरकार की 'शून्य जनहानि' नीति का सख्ती से पालन होना चाहिए। मौसम विभाग ने बताया कि गहरा अवदाब आंध्र प्रदेश के कलिंगपट्टनम से करीब 50 किलोमीटर, ओडिशा के गोपालपुर से 150 किलोमीटर और पुरी से 250 किलोमीटर दूर है। गहरा अवदाब (डीप डिप्रेशन) मौसम की एक ऐसी प्रणाली है, जो कम दबाव के क्षेत्र से अधिक तीव्र और चक्रवाती तूफान से कम तीव्र होती है। मौसम विभाग ने बताया कि गहरे अवदाब के 23 सितंबर की रात तक विशाखापत्तनम और गोपालपुर के बीच, कलिंगपट्टनम के पास से उत्तर आंध्र प्रदेश-दक्षिण ओडिशा तट को पार करने की बहुत अधिक संभावना है।

पटना हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

सलवार उतारने की कोशिश दुष्कर्म का प्रयास नहीं ?

सीजेआई बोले- बयान आपत्तिजनक; फैसला खारिज हो सकता है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महिला की सलवार उतारने की कोशिश और उसके सीने को दबाने की घटना को रेप की कोशिश नहीं मानने वाले पटना हाई कोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है। चीफ जस्टिस सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली 3 जजों की बेंच ने कहा कि इस मामले के तथ्यों को देखा जाएगा। बेंच ने यह भी कहा कि हाई कोर्ट के फैसले में कुछ आपत्तिजनक टिप्पणियां हैं। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा, 'हम आरोपी को सुने बिना हाई कोर्ट के फैसले को रद्द नहीं कर सकते.' उन्होंने सुनवाई में मौजूद बिहार के एडवोकेट जनरल एस डी संजय से कहा कि वह आरोपी तक नोटिस पहुंचाना सुनिश्चित करें. इसके लिए स्थानीय पुलिस की मदद ली जाए।

फैसले पर लिया संज्ञान

सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाई कोर्ट के जिस फैसले पर संज्ञान लिया है, वह 9 जुलाई को आया था। हाई कोर्ट के जस्टिस पूर्णेंदु सिंह ने एक व्यक्ति की



अपील मंजूर करते हुए उसे रेप की कोशिश के आरोप से बरी कर दिया था। मामला 2008 का था और बिहार के बांका जिले से जुड़ा था। केस के तथ्यों के मुताबिक पीड़िता अपने पिता के साथ फोटो खिंचवाने के लिए आरोपी के स्टूडियो गई थी। आरोपी ने पिता को बाहर इंतजार करने को कहा और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। आरोप है कि उसने महिला की सलवार उतारने की कोशिश की और उसके सीने को दबाकर उसके साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता के शोर मचाने पर उसके पिता ने दरवाजा खोलने की कोशिश की, जिसके बाद आरोपी वहां से भाग गया।

हाई कोर्ट का तर्क

हाई कोर्ट ने कहा था कि इन घटनाओं से महिला की गरिमा भंग करने का अपराध बनता है, लेकिन रेप की कोशिश का अपराध साबित नहीं होता। कोर्ट ने कहा था कि रेप की कोशिश साबित करने के लिए ऐसे साफ गतिविधि होनी चाहिए जो रेप की मंशा दिखाए। हाई कोर्ट ने आरोपी को धारा 376 के तहत हुई सजा रद्द कर दी थी और मामले को आईपीसी की धारा 354 के तहत माना था। सुप्रीम कोर्ट के सामने यह मामला वरिष्ठ वकीलों शोभा गुप्ता और एच एस फुल्का ने उठाया। उन्होंने जजों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया कि इसी साल फरवरी में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक ऐसे फैसले को रद्द किया था। हाई कोर्ट ने नाबालिग लड़की के स्तन पकड़ने, पायजामे की डोरी तोड़ने और उसे पुलिया के नीचे खींचने की कोशिश को रेप की कोशिश नहीं माना था। हाई कोर्ट के फैसले को रद्द करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने देश भर की अदालतों को यौन अपराधों की सुनवाई में संवेदनशीलता बरतने का निर्देश दिया था।

बार काउंसिल के अधिकारों की जांच करेगा सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह जांच करेगा कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) को लॉ कॉलेजों और यूनिवर्सिटीज को नियंत्रित और रेगुलेट करने का अधिकार है या नहीं। कोर्ट ने कहा कि बीसीआई की कानूनी जिम्मेदारी वकील के तौर पर लाइसेंस दिए जाने के बाद शुरू होती है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने सवाल उठाया कि बीसीआई को कानूनी शिक्षा रेगुलेट करने वाली विशेषज्ञ संस्था कैसे माना जा सकता

खास बात

- कहा- बीसीआई की जिम्मेदारी लाइसेंस देने के बाद शुरू होती है

है। शिक्षा से जुड़े मामलों को लॉ स्कॉलर्स और शिक्षाविद ज्यादा बेहतर तरीके से देख सकते हैं। दरअसल, बीसीआई ने 13 अगस्त को सभी स्टेट बार काउंसिलों को निर्देश दिया था कि हैदराबाद की लॉ यूनिवर्सिटी नालसार के 2026 बैच के किसी भी ग्रेजुएट को अगले आदेश तक वकील के तौर पर एनरोल न किया जाए।

ट्रंप ने दिए रूस-यूक्रेन युद्ध पर जल्द समझौते के संकेत

जेलेंस्की से मुलाकात के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति हुए आशान्वित

एजेंसी ▶▶| संयुक्त राष्ट्र



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अपने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की और विश्वास जताया कि व्हाइट हाउस उनके देश पर पिछले साढ़े चार साल से जारी रूसी हमले को समाप्त करने में मदद कर सकता है। जेलेंस्की और ट्रंप की यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब यूक्रेन और रूस दोनों की ओर से हमलों में लगातार तेजी आ रही है। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) से इतर मंगलवार को ट्रंप के साथ मौजूद जेलेंस्की ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि हम इस युद्ध को समाप्त करेंगे, और राष्ट्रपति ट्रंप इस युद्ध को खत्म करने में हमारी मदद करेंगे।' यह महत्वपूर्ण मुलाकात तब हुई जब रूस की कई मिसाइल और ड्रोन ने रातभर में यूक्रेन के कम से कम चार क्षेत्रों को निशाना बनाया, जिसमें अधिकारियों के अनुसार पांच लोगों की मौत हो गई।

'लोकसभा अध्यक्ष की तीन महीने की देरी 'रेड फ्लैग'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 20 बागी सांसदों को लेकर एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा तृणमूल कांग्रेस के 20 बागी सांसदों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने में अब तक लिए गए 3 महीने की देरी को चिंता का विषय बताया। अदालत ने यह टिप्पणी अभिषेक बनर्जी बनाम लोकसभा अध्यक्ष और अन्य की याचिका पर की। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और वी मोहना की पीठ टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। जिसमें अयोग्यता याचिकाओं पर शीघ्र निर्णय की मांग की गई थी। जस्टिस बागची ने कहा कि लंबित अयोग्यता कार्यवाही के संभावित परिणामों को देखते हुए देरी महत्वपूर्ण थी। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस बागची ने कहा कि देरी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इन याचिकाओं पर होने वाले फैसले के दूसरे मामलों और देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर भी असर पड़ सकता है।

पत्नी, बेटे के लापता होने से गहराया सस्पेंस

यूएई में भारतीय का मर्डर शव को 9 टुकड़ों में काटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत के एक शख्स की संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शारजाह में खौफनाक हत्या का मामला आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक मूल रूप से कर्नाटक के उडुपी के रहने वाले एल्विन प्रकाश की लाश 9 टुकड़ों में बरामद हुई है। जुलाई महीने में हुई इस वारदात का खुलासा करीब दो महीने बाद हुआ है जिससे सनसनी मच गई है। मामला तब सामने आया जब भारत में रह रहे एल्विन के परिवार ने उनकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद खोजबीन शुरू हुई तो पता चला कि बीते जुलाई महीने में ही एल्विन की हत्या हो गई थी और उनका शव दो 9 टुकड़ों में कटा हुआ बरामद हुआ था। बॉडी के टुकड़े 2 बैग में भरे थे और एक कार में बंद थे। इधर एल्विन की पत्नी और उनका बेटा अब भी गायब हैं। प्रकाश पिछले 14 सालों से शारजाह एयरपोर्ट पर नौकरी कर रहे थे। वे अपनी पत्नी टीना कुंदर और बेटे के साथ यूएई में रह रहे थे। उनकी पत्नी टीना वहां एक स्कूल में टीचर के रूप में काम कर रही थीं। वहीं बेटा दसवीं में पढ़ता था। ऐसे में हत्या में उनकी भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। हालांकि परिवार का कहना है कि उन्हें पति-पत्नी के बीच किसी विवाद की जानकारी नहीं थी।

राशिफल

मेष संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

वृष खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

मिथुन शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

कर्क क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

सिंह कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

कन्या कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

तुला लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

वृश्चिक संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

धनु स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

मकर आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

कुंभ क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

मीन किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

कार से दो पुलिसकर्मियों के शव मिले, मचा हड़कंप

जम्मू-कश्मीर की घटना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में मंगलवार देर शाम एक कार के अंदर दो पुलिसकर्मियों के शव मिलने से हड़कंप मच गया। दोनों पुलिसकर्मी जिला पुलिस लाइंस, रामबन में तैनात थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, हेड कांस्टेबल फरीद अहमद और सेलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल मुहम्मद याकूब बाटोट के सना इलाके में जियारत मोड़ के पास खड़ी एक कार में संदिग्ध परिस्थितियों में अचेत अवस्था में मिले। स्थानीय लोगों ने दोनों को जिला अस्पताल रामबन पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

जांच में जुटी पुलिस

दोनों की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाने के साथ ही मौत के कारणों का पता लगाने के लिए आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। दोनों पुलिसकर्मियों की मौत के पीछे की वास्तविक वजह जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

कार्यालय नगर पंचायत गीदम, जिला द.ब. दंतेवाड़ा (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट चतुर्थ निविदा सूचना

Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक / 1601/लो.नि.वि. / न.पं. / 2026-27 गीदम, दिनाँक 23/09/2026

नगर पंचायत गीदम द्वारा छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन व्यवस्था ई रजिस्ट्रेशन में 'डी' एवं उपर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नांकित कार्य ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	ई-टेंडर क्रमांक	कार्य का विवरण	निविदा राशि	धरोहर राशि
1	200025	आकांक्षीय शौचालय निर्माण कार्य वार्ड क्र. 01	28.20	22000.00

निविदा प्रपत्र पर ऑनलाईन वेबसाईट Main Portal :http://eproc.cgstate.gov. in पर दिनांक 23/09/2026 को सायं 8.00 बजे से देखे/क्रय एवं निविदा की कार्यवाही किये जा सकते हैं। अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा विवरण उपरोक्त वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी देखी जा सकती है। धरोहर (अमानत) राशि एवं निविदा प्रोसेसिंग फीस हेतु निर्धारित राशि को ऑनलाईन जमा कर पावती को सिस्टम टेण्डर में अपलोड करना अनिवार्य है। किसी प्रकार की संसोधन किये जाने पर पृथक से सूचना प्रकाशित नहीं की जायेगी, कृपया वेबसाईट का अवलोकन कर निविदा की कार्यवाही करें।

टीप- निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने हेतु सक्षम श्रेणी पंजीकृत ठेकेदारों को उक्त वेबसाईट में पंजीकरण अनिवार्य है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत गीदम
जिला द.ब. दंतेवाड़ा (छ.ग.)

शब्द पहेली - 6357



बाएँ से दाए
1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

ऊपर से नीचे
2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' मैं सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

शब्द पहेली- 6356 का हल

	रा	ज	कु	मा	र		म	नो	ह	र
दौ	र		ली		ख	न	न		र	वा
ल		जा	न	व	र		न	ल		य
त	न	य			खा	र		की	म	त
खा		दा		ना	व		ड		दा	
ना	र	द	मु	नी		प	र	व	री	श
	फ्ला		ख		स	द		र्ध		क
भ	र	ना		स	भा			मा	हि	र
या		का	का		भ	हा	प	न		कं
न	न		त	ना	व		ह		दा	द
क	म	जो	र		न	ग	र	वा	सी	

सूडोकु नवताल - 6367

कठिन

	8			6				
					5			
		9				7		3
	1			8				2
			7		4			
6				3			8	
5		7				4		
			8					
				1			6	

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6366 का हल

9	4	5	3	1	8	7	6	2
1	8	6	7	2	5	4	9	3
2	7	3	9	4	6	8	1	5
6	3	9	1	7	4	2	5	8
5	2	4	8	9	3	6	7	1
7	1	8	6	5	2	9	3	4
4	6	7	5	8	1	3	2	9
8	9	1	2	3	7	5	4	6
3	5	2	4	6	9	1	8	7

MANGAL SENACHA, BANGALORE

MARUTI SUZUKI

NEXA

THE STUNNING NEW

BALENO

DARE TO GO GLAM

FRONT VENTILATED SEATS

*ADAS LEVEL 2

6 AIRBAGS

TYRE PRESSURE MONITORING SYSTEM

NEXA SAFETY SHIELD

SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU.

Creative visualisation. Accessories and features may vary across the vehicle variants. *ADAS features are for driver assistance only, the driver is responsible for safe and attentive driving.

अगर करते हैं सिटिंग जॉब

करें ये आसन-वर्कआउट



सिटिंग जॉब करने वाले अधिकतर लोग पीठ में अकड़न, गर्दन-कंधे के दर्द से परेशान रहते हैं। इससे राहत के लिए आप यहां बताए जा रहे कुछ वर्कआउट्स और आसन को अपने रूटीन में शामिल कर सकते हैं। इससे आपको इन सभी दर्दों से बहुत राहत मिलेगी।

फिटनेस

काम्या मल्होत्रा
योग एक्सपर्ट

आज के दौर में अधिकांश सेक्टर्स के ऑफिसियल प्रोफेशनल्स, डेस्क जॉब करते हैं। दिन में 8 से 10 घंटे कंप्यूटर के सामने बैठकर काम करते हैं, जिसकी वजह से उन्हें पीठ दर्द, गर्दन में अकड़न, कंधों का भारीपन, आंखों पर तनाव, बढ़ता वजन और मानसिक थकावट जैसी समस्याएं होने लगती हैं। इसके अलावा लगातार बैठने के कारण शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी कम होने लगती है। ऐसे में सिर्फ कुछ मिनट योगासन करके शरीर को फिर से एक्टिव और एनर्जेटिक महसूस कराया जा सकता है।



गहरी श्वास और ध्यान: इसे करने के लिए आंखें बंद करें और आरामदायक पोजीशन से बैठ जाएं, फिर नाक से गहरी सांस लें। 3-4 सेकेंड तक रोकें और धीरे-धीरे छोड़ें। इस प्रक्रिया को 8-10 बार दोहराएं। गहरी श्वास लेना तनाव कम करने में सहायक होता है और मानसिक शांति बनाए रखता है।

नेक स्ट्रेचिंग: इस वर्कआउट को करने के लिए सबसे पहले आराम से सीधे बैठ जाएं या खड़े हो जाएं। फिर धीरे-धीरे गर्दन को दाईं ओर झुकाएं और 10-15 सेकेंड तक रोकें। फिर बाईं ओर यही प्रक्रिया दोहराएं। इसके बाद गर्दन को आगे और पीछे हल्के से झुकाएं। इस अभ्यास से गर्दन की मांसपेशियों का तनाव कम होता है। लंबे समय तक स्क्रीन पर नजरें गड़ाने से होने वाली जकड़न में राहत मिलती है।

सीटेड स्पाइनल ट्विस्ट: इस वर्कआउट को करने के लिए कुर्सी पर बैठकर शरीर के ऊपरी हिस्से को धीरे-धीरे दाईं ओर घुमाएं और कुर्सी के पीछे का सहारा लें। 15-20 सेकेंड तक रुकें, फिर दूसरी ओर दोहराएं। यह अभ्यास रीढ़ की गतिशीलता बढ़ाने में मदद करता है और कमर व पीठ के तनाव को कम करता है।

शोल्डर रोल-आर्म स्ट्रेच: इस वर्कआउट को करने के लिए दोनों कंधों को धीरे-धीरे आगे और पीछे गोल घुमाएं। इसके बाद दोनों हाथों को ऊपर उठाकर अच्छी तरह स्ट्रेच करें और गहरी सांस लें। फिर हाथों को आराम से नीचे लाएं। यह अभ्यास कंधों के तनाव को कम करता है और ऊपरी शरीर में रक्त संचार बेहतर बनाने में मदद करता है। इसका अभ्यास 1 मिनट करें।

मार्जरी आसन: इसे सीटेड कैट या काउ स्ट्रेच भी कहते हैं। इस आसन को करने के लिए कुर्सी पर सीधे बैठें। सांस लेते हुए छाती को आगे निकालें और पीठ को हल्का मोड़ें। सांस छोड़ते हुए पीठ को गोल करें और ठुड्डी को नीचे लाएं। इस प्रक्रिया को 8-10 बार दोहराएं। यह स्ट्रेच रीढ़ की लचक को बनाए रखने में सहायक होता है। साथ ही यह आसन लंबे समय तक बैठने से होने वाली जकड़न कम करने में मदद करता है।

भुजंगासन: इस आसन को करने के लिए योगा मैट पर पेट के बल लेट जाएं और हाथों के सहारे ऊपरी शरीर को ऊपर उठाएं। अपनी सुविधानुसार कुछ सेकेंड रहें। इस आसन को करने से झुककर बैठने के कारण जो पोस्चर खराब होता है, यह आसन ठीक करता है। *

प्रस्तुति: ललिता गोयल

इन पर भी करें अमल

- हर आधे या एक घंटे में अपनी सीट से 2 मिनट के लिए उठें और थोड़ा टहलें।
- पर्याप्त पानी पिएं। पानी भरपूर न पीने से डिहाइड्रेशन हो सकता है, जिससे मांसपेशियों में खिंचाव हो सकता है।
- डेस्क जॉब करते समय कंप्यूटर स्क्रीन के लेवल को हमेशा अपनी आंखों के लेवल पर रखें, जिससे गर्दन पर अतिरिक्त स्ट्रेस न पड़े।
- पैरों को जमीन पर सीधा टिकाकर बैठें।
- यदि आपको पहले से गंभीर कमर, गर्दन या रीढ़ की समस्या है, तो किसी भी नए व्यायाम को शुरू करने से पहले डॉक्टर या फिजियोथेरेपिस्ट से सलाह लें।

डॉक्टर्स एडवाइस

स्पेशल: वर्ल्ड हार्ट डे, 29 सितंबर

अनियमित-निष्क्रिय जीवनशैली, अनहेल्दी खान-पान और स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही की वजह से हर उम्र के लोगों में हार्ट प्रॉब्लम्स बढ़ रही हैं। अगर समय रहते अपनी लाइफस्टाइल सुधार ली जाए तो इनसे बचाव संभव है। साथ ही हार्ट प्रॉब्लम्स के शुरुआती लक्षणों पर ध्यान देना भी जरूरी है। ताकि समस्या को गंभीर होने से रोका जा सके। हार्ट को हेल्दी रखने के बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर्स यहां डिटेल में बता रहे हैं।

बढ़ रहा हार्ट प्रॉब्लम का रिस्क

गुड हैबिट्स से आप रहेंगे हेल्दी





हार्ट हम सभी के शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। इसकी हेल्थ को इग्नोर करने से असमय डेथ का भी रिस्क होता है। एक समय तक यह समस्या केवल बुजुर्गों में होती थी लेकिन बदलती जीवनशैली, बढ़ते तनाव, खराब नींद, शारीरिक गतिविधि की कमी, असंतुलित खान-पान और धूम्रपान की आदतों जैसे कारण, कम उम्र में भी हृदय रोग का खतरा बढ़ रहा हैं। ऐसे में जरूरी है कि हार्ट हेल्थ को लेकर हम कॉन्शस रहें। सीने में दर्द, सांस फूलने, चक्कर आने, कमजोरी जैसे लक्षणों को गैस या थकान समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

इसलिए बढ़ती हैं हार्ट प्रॉब्लम्स

हर उम्र के लोगों में बढ़ती हार्ट प्रॉब्लम के बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट, दिल्ली में डायरेक्टर-कार्डियोलॉजी **डॉ. अमर सिंघल** कहते हैं, 'दिल की बीमारी अब सिर्फ उम्रदराज लोगों की समस्या नहीं रह गई है। बदलती जीवनशैली, लगातार तनाव, कम शारीरिक गतिविधि, अनियमित खान-पान, धूम्रपान और पर्याप्त नींद न लेना कम उम्र में भी दिल की सेहत को प्रभावित कर सकता है। ऐसे में हार्ट को स्वस्थ रखने के लिए रोजमर्रा की आदतों में छोटे लेकिन जरूरी बदलाव करना बेहद महत्वपूर्ण है। लंबे समय तक बैठे रहना, बाहर का ज्यादा तला-भुना और नमक वाला खाना, ज्यादा चीनी का सेवन और शारीरिक गतिविधि की कमी शरीर में मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और कोलेस्ट्रॉल जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ा सकती है। ये सभी स्थितियां आगे चलकर हृदय रोग के जोखिम को बढ़ाने वाले प्रमुख कारणों में शामिल हैं। दिल की सेहत अच्छी रखने के लिए रोज कम से कम 30 मिनट की नियमित शारीरिक गतिविधि को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। खाने में फल, सब्जियां, साबुत अनाज, दालें और संतुलित मात्रा में प्रोटीन को शामिल करें। नमक, ट्रांस फैट और ज्यादा प्रोसेस्ड फूड से बचना



चाहिए। सिर्फ बीमारी होने पर ही स्वास्थ्य जांच कराने की जरूरत नहीं है। समय-समय पर ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल की जांच कराना भी जरूरी है। अगर परिवार में किसी को कम उम्र में हृदय रोग रहा है तो विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। इसके साथ ही रोजाना पर्याप्त नींद लेना और तनाव को नियंत्रित रखना भी दिल की सेहत के लिए जरूरी है। लगातार तनाव और नींद की कमी ब्लड प्रेशर समेत कई दूसरी समस्याओं को बढ़ा सकती है। काम के बीच छोटे-छोटे ब्रेक लेना, कुछ देर पैदल चलना, सीढ़ियों का इस्तेमाल करना और स्क्रीन टाइम कम करना भी फायदेमंद हो सकता है। धूम्रपान और तंबाकू से पूरी तरह दूरी बनाना बेहद जरूरी है। शराब का सेवन करने वालों को भी इसके नुकसान और व्यक्तिगत स्वास्थ्य जोखिमों को ध्यान में रखना चाहिए। स्वस्थ दिल के लिए सबसे जरूरी है कि हम बीमारी का इंतजार करने के बजाय पहले से ही बचाव पर ध्यान दें और अपनी जीवनशैली में ऐसे बदलाव करें, जिन्हें लंबे समय तक आसानी से अपनाया जा सके।'

इन लक्षणों पर रखें नजर

सीने में दर्द, दबाव या भारीपन, सांस फूलना, अचानक बहुत ज्यादा पसीना आना, चक्कर या असामान्य कमजोरी जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। खासकर अगर ये लक्षण अचानक आएं या लगातार बने रहें तो तुरंत चिकित्सकीय मदद लेनी चाहिए। दिल के मामले में समय पर पहचान और इलाज बहुत महत्वपूर्ण होता है। कम उम्र में हार्ट प्रॉब्लम्स के बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-कार्डियोलॉजी और कार्डियक सर्जरी, **डॉ. अंकेश अग्रवाल** डिटेल में बताते हैं, 'कम उम्र में हार्ट अटैक के मामले सामने आने के पीछे कई कारण हो सकते हैं। युवाओं में धूम्रपान, तंबाकू का सेवन, मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल, शारीरिक गतिविधि की कमी और लगातार तनाव जैसे जोखिम कारक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए उम्र कम होने को दिल की बीमारी से सुरक्षा की गारंटी नहीं माना जा सकता। अनियमित दिनचर्या, देर रात तक जागना, फास्ट फूड का अधिक सेवन और लंबे समय तक बैठे रहना भी दिल की सेहत पर असर डाल सकता है। कई लोग सीने में दर्द या सांस फूलने जैसी समस्या को गैस, थकान या तनाव समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। यह लापरवाही गंभीर स्थिति पैदा कर सकती है। सीने में दबाव या दर्द के साथ सांस लेने में परेशानी, पसीना आना, मितली, चक्कर, बाएं हाथ, कंधे, पीठ या जबड़े तक दर्द होना, चेतावनी का संकेत हो सकता है। ऐसे लक्षण अचानक दिखाई दें तो घर पर इंतजार करने या खुद से दवा लेने के बजाय तुरंत चिकित्सा सहायता लेनी चाहिए। खासतौर पर दर्द कुछ मिनट से ज्यादा समय तक रहे या आराम करने के बाद भी कम न हो तो इसे गंभीरता से लेना जरूरी है। हृदय रोग से बचाव की शुरुआत रोजमर्रा की आदतों से होती है। धूम्रपान और तंबाकू से दूरी, नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, वजन नियंत्रित रखना और ब्लड प्रेशर, शुगर व कोलेस्ट्रॉल की नियमित जांच जरूरी है। जिन लोगों को डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर या हाई कोलेस्ट्रॉल है, उन्हें इसे सामान्य समस्या समझकर छोड़ना नहीं चाहिए। डॉक्टर की सलाह के अनुसार नियमित जांच और इलाज जरूरी है। पर्याप्त नींद लेना, तनाव को नियंत्रित करना और लगातार बैठे रहने से बचना भी हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद है।' *

प्रस्तुति: सेहत फीचर्स

नींद-तनाव का हार्ट हेल्थ से संबंध



नींद और तनाव का भी हार्ट हेल्थ से गहरा संबंध होता है। इस बारे में रीजेंसी हॉस्पिटल, गोरखपुर के कंसल्टेंट-कार्डियोलॉजी, **डॉ. अभिनव श्रीवास्तव** बताते हैं, 'हार्ट हेल्थ को सिर्फ खान-पान और एक्सरसाइज तक सीमित करके नहीं देखा जा सकता। मानसिक तनाव, खराब नींद और लगातार भाग-दौड़ वाली जीवनशैली भी हृदय स्वास्थ्य पर असर डाल सकती है। आज की व्यस्त दिनचर्या में लोग वर्क प्रेशर, परिवार और दूसरी जिम्मेदारियों के बीच अपने शरीर और दिमाग को पर्याप्त आराम नहीं दे पाते, जिसका असर धीरे-धीरे स्वास्थ्य पर दिखाई दे सकता है। लगातार तनाव की स्थिति में शरीर में ऐसे हार्मोन और बदलाव होते हैं, जो ब्लड प्रेशर और हृदय की कार्यप्रणाली को प्रभावित कर सकते हैं। इसी तरह लंबे समय तक पर्याप्त नींद न लेना भी शरीर के लिए ठीक नहीं है। इसलिए दिल को स्वस्थ रखने के लिए रोजाना पर्याप्त और अच्छी गुणवत्ता वाली नींद लेना जरूरी है। तनाव कम करने के लिए हर व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में कुछ समय खुद के लिए निकालना चाहिए। वॉकिंग, योग, मेडिटेशन, पसंद की गतिविधियां और परिवार के साथ समय बिताना तनाव कम करने में मदद कर सकता है। काम के दौरान लगातार कई घंटे बैठे रहने के बजाय बीच-बीच में उठकर चलना भी फायदेमंद है।

डाइट

विधि गोयल

खाली पेट नारियल पानी पीने के फायदे

नारियल पानी पीना सिर्फ गर्मियों में ही नहीं, हर मौसम में सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं होता। यह न सिर्फ प्यास बुझाता है, बल्कि शरीर को तुरंत हाइड्रेशन देने के साथ जरूरी मिनरल्स और इलेक्ट्रोलाइट्स देकर अंदर से पोषण भी देता है। यह एक नेचुरल ड्रिंक है, जिसमें पोटेशियम, मैग्नीशियम, कैल्शियम, सोडियम, फॉस्फोरस और नेचुरल इलेक्ट्रोलाइट्स भरपूर मात्रा में होते हैं। इसमें फैट और कैलोरी कम होती है, इसके अलावा इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करते हैं।



इंस्टेंट हाइड्रेशन: सुबह जगने के बाद नारियल पानी पीने से शरीर में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी तुरंत पूरी होती है, जिससे दिनभर तरोताजा महसूस होता है। सुबह खाली पेट नारियल पानी पीने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है।

इम्युनिटी बूस्टर: इसमें विटामिन-सी, मैग्नीशियम और अन्य पोषक तत्व होते हैं, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं। यह शरीर को इंफेक्शन और बीमारियों से लड़ने की ताकत देता है।

डाइजेशन में सुधार: नारियल पानी में लॉरिक एसिड और फाइबर पाया जाता है। लॉरिक एसिड इम्युनिटी बढ़ाता है और पेट के इंफेक्शन से बचाता है। यह डाइजेशन सिस्टम को मजबूत बनाता है और सुबह खाली पेट इसका सेवन करने से एसिडिटी, गैस, कब्ज और पेट में जलन दूर होती है।

डायबिटीज कंट्रोल में मददगार: नारियल पानी में शुगर की मात्रा कम होती है और यह ब्लड शुगर लेवल को स्थिर रखने में मदद करता है। डायबिटीज के मरीजों के लिए यह एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है।

वजन घटाने में सहायक: जो वजन कम करना चाहते हैं, उनके लिए नारियल पानी सबसे बेहतरीन ऑप्शन है। इसमें कैलोरी बहुत कम होती है और फैट बिल्कुल नहीं होता। इसे पीने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है, जिससे ओवर ईटिंग नहीं होती है।

स्किन-बालों में निखार: शरीर से टॉक्सिंस बाहर निकलने से स्किन साफ और ग्लोइंग बनती है। नारियल पानी पीने से मुंहासों की समस्या दूर होती है और चेहरे पर नेचुरल निखार आता है। इसके अलावा यह बालों को झड़ने से रोकता है। इसे पीने से हार्ट हेल्थ बेहतर होती है। *

अल्टरनेटिव ट्रीटमेंट

शिखर चंद जैन

कई ऐसे शारीरिक और मानसिक रोग होते हैं, जिनके उपचार में ट्रेडिशनल थेरेपीज के समान ही कुछ डिफरेंट थेरेपीज भी कारगर हो सकती हैं। ये थेरेपीज क्या हैं, कैसे काम करती हैं, इनके बारे में डिटेल में जानिए।

बहुत डिफरेंट ही नहीं

इफेक्टिव भी हैं ये थेरेपीज

जीवन की भागदौड़ और मानसिक तनाव के बीच, जब भी किसी रोग के इलाज की बात आती है, तो हमारा ध्यान अधिकतर एलोपैथी दवाओं पर जाता है। लेकिन चिकित्सा और मनोविज्ञान की दुनिया में कई ऐसी अपरंपरागत थेरेपीज मौजूद हैं, जो आसान और बहुत कारगर हैं।

बिबलियोथेरेपी: जब आप किसी ऐसे काल्पनिक पात्र के बारे में पढ़ते हैं, जो बिल्कुल आपकी जैसी समस्याओं से जूझ रहा है, तो आपका मस्तिष्क उससे जुड़ जाता है। इसे मनोविज्ञान में 'कैथार्सिस' यानी भावनाओं का शुद्धिकरण कहते हैं। अपनी मानसिक स्थिति की पहचान करें जैसे- ब्रेकअप, नौकरी का तनाव, या अकेलापन, फिर ऐसी किताबें चुनें, जो उस विषय पर हों। इन किताबों को रोज 15-20 मिनट जरूर पढ़ें। यह प्रक्रिया आत्म-जागरूकता बढ़ाती है और डिप्रेशन के लक्षणों को कम करती है।





डांस-मूवमेंट थेरेपी



साउंड हीलिंग

क्रायोथेरेपी: अत्यधिक ठंड के संपर्क में आने से शरीर की रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं। जब शरीर वापस सामान्य तापमान पर आता है, तो अंगों में तेजी से ऑक्सीजन युक्त खून का बहाव होता है। इसके लिए किसी प्रोफेशनल सेंटर में 2 से 3 मिनट के लिए कोल्ड चैंबर (-110 डिग्री. सेंटीग्रेड से 140 डिग्री. सेंटीग्रेड) में पैर रखा जाता है। इससे मांसपेशियों की रिकवरी तेज होती है और एथलीटों का दर्द तुरंत गायब होता है।

शिनरिन-योकू (फॉरेस्ट बाथिंग): यह थेरेपी जापान में बहुत फेमस है। जंगलों और पेड़ों (विशेषकर देवदार और पाइन) से फाइटोनसाइड्स नामक प्राकृतिक रोगाणुरोधी यौगिक हवा में निकलते हैं। जब हम सांस लेते हैं, तो ये हमारे अंदर जाते हैं। किसी पास के घने पार्क, जंगल या बोटेनिकल गार्डन में जाएं। अपना मोबाइल और ईयरफोन पूरी तरह बंद कर दें या घर छोड़ दें। बिना किसी लक्ष्य के धीरे-धीरे चलें। पत्तों की सरसराहट सुनें, मिट्टी की महक लें और पेड़ों को छुएं। कम से कम 40 मिनट वहां बिताएं। यह ब्लड प्रेशर को कम करता है और नेचुरल किलर इम्यून कोशिकाओं को बढ़ाता है, जो कैंसर से लड़ती हैं।

साउंड हीलिंग: हमारा शरीर और मस्तिष्क तरंगों पर काम करते हैं। तिब्बती हीलिंग बाउल्स की आवाज मस्तिष्क की तरंगों को अशांत 'बीटा' स्टेट से शांत 'अल्फा' और 'थीटा' स्टेट में बदल देती है, जो ध्यान की अवस्था है। इसके लिए एक शांत कमरे में लेट जाएं या आराम से बैठ जाएं। यूट्यूब या किसी म्यूजिक एप पर तिब्बतन सिंगिंग बाउल्स 432 हर्ट्ज या गोंग बाथ का म्यूजिक चलाएं। फिर हेडफोन लगाकर आंखें बंद करें और केवल उस ध्वनि के कंपन को महसूस करें। रोज 10-15 मिनट करें। इससे क्रॉनिक स्ट्रेस, एंग्जाइटी और अनिद्रा की समस्या जड़ से खत्म होती है।

डांस-मूवमेंट थेरेपी: हमारा शरीर मानसिक आघात और दबी हुई भावनाओं को मांसपेशियों के तनाव के रूप में जमा करके रखता है। बिना किसी नियम के शरीर को हिलाने-डुलाने से वह तनाव बाहर निकल जाता है। इसके लिए कमरे का दरवाजा बंद करें ताकि आपको कोई देख न सके। कोई भी ऐसा संगीत बजाएं, जो आपकी वर्तमान भावना को दर्शाता हो, चाहे वह गुस्सा हो, उदासी हो या खुशी। फिर 5 से 10 मिनट तक नाचें या कूदें। भावनाओं को बहने दें। इससे शरीर में एंडोर्फिन का स्तर बढ़ता है और दबी हुई भावनाएं बाहर निकलती हैं।

इन थेरेपीज का अभ्यास खुद से कभी न करें। पहले एक्सपर्ट की गाइडेंस लें और अपने डॉक्टर से कंसल्ट करके ही करें। *



आकाशीय बिजली गिरने से तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा/बेरला

बेमेतरा में दो और कांकेर जिले में एक की गई जान

जामुन पेड़ के नीचे सोते किसान पर गिरी गाज

दुर्गूकोंदल। कांकेर जिले के विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम गुड़फेल में बुधवार शाम आकाशीय बिजली गिरने से 52 वर्षीय किसान रामसिंह मंडावी की मौके पर ही मौत हो गई। अचानक हुई इस प्राकृतिक आपदा से गांव में शोक का माहौल है। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार ग्राम गुड़फेल निवासी रामसिंह मंडावी खेती-किसानी के कार्य से अपने खेत की ओर गए थे। इसी दौरान शाम करीब 4 बजे मौसम अचानक बदला और तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश के दौरान मृतक खेत में स्थित जामुन के पेड़ के नीचे कुछ देर आराम करने के लिए बैठ गए। इसी बीच अचानक आकाशीय बिजली जामुन के पेड़ के आसपास गिरी, जिसकी चपेट में आने से मृतक गंभीर रूप से झुलस गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बताया गया कि घटना के समय मृतक के साथ खेत में परिवार का कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था। कुछ समय बाद आसपास मवेशी चरा रहे ग्रामीणों की नजर पेड़ के नीचे अचेत अवस्था में पड़े रामसिंह मंडावी पर पड़ी। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी तत्काल उनके परिजनों को दी।

- बेरला में नास्ता लेने निकले मजदूरों का शव पेड़ के नीचे मिला

तेज बारिश के बीच सुरहोली-कुसमी मार्ग पर बुधवार को आकाशीय बिजली ने ऐसा कहर बरपाया कि दो मजदूरों की जिंदगी पलभर में खत्म हो गई। टावर लगाने के काम में जुटे दोनों मजदूर दोपहर में नाश्ता लेने मोटरसाइकिल से निकले थे। कुछ देर बाद दोनों के शव डी बाउली तालाब के पास बरगद के पेड़ के नीचे मिले। हादसे की खबर मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

पुलिस के अनुसार पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के रहने वाले मनोज राजवंशी (26) और जगदीश राजवंशी (25) ग्राम ढाबा में रहकर सुरहोली में टावर लगाने के कार्य में लगे थे। सूचना पर चौकी कंडरका और बेरला पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव पंचनामा की कार्रवाई की। पुलिस ने मर्ग इंटीमेशन कायम कर लिया है। घटना की परिस्थितियों और मौत के कारणों को लेकर आवश्यक जांच एवं वैधानिक कार्रवाई जारी है। मृतक का नाम मनोज राजवंशी (26), निवासी धूमादिधी, थाना मालदा, जिला मालदा, पश्चिम बंगाल एवं जगदीश राजवंशी (25), निवासी बंगाबरी, थाना मालदा, जिला मालदा, पश्चिम बंगाल से है। दोनों वर्तमान में ग्राम ढाबा, चौकी कंडरका क्षेत्र में रह रहे थे।

फर्जी एसीबी अधिकारी बन गोली मारने की धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

धमतरी। एंटीकरप्शन ब्यूरो का फर्जी अधिकारी बन घर में जबरन घुसकर गोली मारने की धमकी देने वाले फरार आरोपी हितेश सिंह पिता गणेश बहादुरसिंह ग्राम सलका बड़कापारा जिला बेकुंठपुर जिला कोरिया को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में दो आरोपियों की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस के अनुसार रूद्री थाना के ग्राम सोरम निवासी युवक ने थाने में लिखित शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि कुछ व्यक्ति ने स्वयं को एंटीकरप्शन ब्यूरो का बड़ा अधिकारी बताते हुए उसके घर में अनाधिकृत रुप से प्रवेश किया। उक्त आरोपी गोली मारने की धमकी देकर उसके घर में रखे लैपटाप, वनप्लस पैड एवं 8 नग मोबाइल फोन को अपने साथ ले गया था।

शराबबंदी का असर

बाहर से शराब पीकर गांव पहुंचे 16 पर तीन-तीन हजार का दंड



हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

सरगुजा जिले का एक ऐसा गांव जहां शराबबंदी को लेकर ग्राम पंचायत ने सख्त रुख अपनाया है। गांव में बाहर से शराब पीकर आने वाले शराबियों के खिलाफ ग्राम पंचायत की ओर से कार्रवाई करते हुए 45 हजार का जुर्माना वसूल किया गया है। मामला लखनपुर क्षेत्र के ग्राम केवरी का है। ग्राम पंचायत ने सख्त रुख अपनाते हुए बाहर से शराब पीकर गांव में आने वाले 16 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पंचायत ने सभी पर तीन-तीन हजार रुपये का आर्थिक जुर्माना लगाया है। ग्राम पंचायत की कार्रवाई के बाद गांव में शराबबंदी के फैसले को लेकर चर्चा तेज हो गई है। ग्राम पंचायत के सरपंच मैनेजर राम ने बताया कि ग्राम पंचायत केवरी में 1 सितंबर से पूर्ण शराबबंदी की घोषणा की गई थी। गांव में शराबबंदी से पूर्व ग्राम पंचायत के पूर्णतः शराबबंदी के निर्णय का गांव की महिलाओं व ग्रामीणों ने समर्थन किया।

इसलिए शराब पीने पर रोक

शराब के कारण होने वाले विवाद और सामाजिक समस्याओं को देखते हुए ग्रामीणों ने गांव में शराब पीने पर रोक लगाने का निर्णय लिया। शराबबंदी लागू होने के बाद पंचायत द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। इसी दौरान दूसरे गांव से शराब पीकर गांव में पहुंचे 16 लोगों के खिलाफ पंचायत ने कार्रवाई करते हुए 14 शराबियों से तीन तीन हजार और दो अन्य लोगों से 15-15 सौ रुपये आर्थिक जुर्माना लगाकर 45 हजार रुपए वसूल किया।

गणेश पंडाल से कलश और थाली की चोरी

राजनांदगांव। गांव के श्री गणेश पंडाल से अज्ञात चोरों ने कलश सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सर्रागोंदी में तीन स्थानों पर कर्मा मंदिर, महावीर चौक एवं राधा कृष्णा मंदिर में श्रीगणेश रखा गया है, जहां बीती रात गणेश पंडाल कर्मा मंदिर से 1 नग कलश व 1 नग पूजा थाली, महावीर चौक से 1 नग कलश व 1 नग पूजा थाली एवं राधा कृष्ण मंदिर से 1 नग कलश व 1 नग पूजा थाली कुल 3 नग कलश एवं 3 नग पूजा थाली अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

डिप्टी सीएम की फोटो पर अश्लील कमेंट, दो मामले दर्ज

कवर्धा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के फोटो को लेकर कथित तौर पर अभद्र एवं अश्लील टिप्पणी करने के दो अलग-अलग मामलों में साइबर थाना कबीरधाम पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, दोनों मामलों में संबंधित फेसबुक अकाउंट, कमेंट, स्क्रीनशॉट सहित उपलब्ध डिजिटल साक्ष्यों की तकनीकी एवं वैधानिक जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। पहला मामला शिवाजी कॉलोनी, वार्ड नंबर 1 कवर्धा निवासी राकेश साहू की शिकायत पर दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार, उनके मित्र नरेश निर्मलकर ने फेसबुक पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का फोटो पोस्ट किया था। इस पोस्ट पर आरोपी वरुण राजपूत द्वारा कथित रूप से आपत्तिजनक, अभद्र एवं गाली-गलौज संबंधी कमेंट किए गए। शिकायत के आधार पर साइबर थाना कबीरधाम में प्रकरण क्रमांक 08/2026 दर्ज किया गया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 296 एवं सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। दूसरे मामले में घोठिया रोड, वार्ड नंबर 26 कवर्धा निवासी योगेश महाजन ने शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार, आरोपी जित्तू चंद्रवंशी ने फेसबुक स्टोरी पर विजय शर्मा का फोटो लगाया था।

कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
द्वितीय निविदा सूचना

क्र./1728/न.पा.नि./वाहन शाखा/जोन क्र.01/सकरी/2026-27 सकरी, दिनांक 21/09/2026
नगर पालिक निगम बिलासपुर जोन क्र. 01 सकरी में वाहन संचालन कार्य हेतु 14–चालक एवं 11 परिचालक श्रमिक प्रदाय कार्य हेतु द्वितीय निविदा आमंत्रण GEM के माध्यम से किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

बिड	कार्य का विवरण	स्वीकृत राशि (रु. लाख में)
GEM/2026/B/7860641	जोन क्र. 01 सकरी में वाहन संचालन कार्य हेतु चालक/परिचालक श्रमिक प्रदाय कार्य।	42.22

उपरोक्त कार्य हेतु अन्य जानकारी वेब साईट http://gem.gov.in के माध्यम से प्राप्त कर सकते है।
कार्यपालन अभियंता
जोन क्र.01, सकरी
नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)
Green City, Clean City, Dream City.

कार्यालय नगर पालिका परिषद लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)
वार्ड क्रमांक 13, हटरी रोड गुरुद्वारा चौक लोरमी, Email- nagarpalikalormi@gmail.com

क्र./710/न.पा.प./2026-27 लोरमी, दिनांक 23/09/2026
- मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)
नगर पालिका परिषद लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.) द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से त्रि-लिफाफा पद्धति में रजिस्टर्ड / पंजीकृत डॉक के माध्यम से निविदा प्रपत्र "ए" में C.G. PWD BUILDING SOR 01:01:2015. C.G.PWD Road SOR 01.01.2025 से कम / अधिक प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित किया जाता है–
1. कार्यालय में पंजीकृत डाक के माध्यम से निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि – दिनांक 14/10/2026 समय दोपहर 3.00 बजे तक
2. निविदा खोले जाने की तिथि – दिनांक 15/10/2026 समय सुबह 11:30 बजे से

क्र	कार्य का विवरण	लगत राशि (लाख में)	एस ओ आर
1	वार्ड क्र.01 आरसीसी नाली निर्माण श्याम पांडे के घर से विष्णु ढीमर के घर तक	3.97	PWD Building SOR 01.01.2015
2	वार्ड क्र. 02 आरसीसी नाली निर्माण बिरेन कश्यप के घर से आशीष कश्यप के घर तक	2.17	PWD Building SOR 01.01.2015
3	वार्ड क्र. 02 पेवर ब्लॉक कार्य बिरेन कश्यप के घर से आशीष कश्यप के घर तक व गेंदराम कश्यप के घर से विमला यादव के घर तक	2.75	PWD Building SOR 01.01.2015
4	वार्ड क्र 02 मेला ग्राउंड से मुरुम गढ्ढा तक सीसी रोड निर्माण कार्य	3.22	PWD Building SOR 01.01.2025
5	वार्ड क्र. 03 आंगनबाड़ी से सामुदायिक भवन तक सीसी रोड निर्माण कार्य	6.71	PWD Building SOR 01.01.2025
6	वार्ड क्र. 03 आरसीसी नाली निर्माण लक्ष्मीनारायण यादव के घर से खेलु ढीमर के घर तक	6.27	PWD Building SOR 01.01.2015
7	वार्ड क्र. 03 ओमप्रकाश यादव के घर से श्रीराम के घर तक आर सीसी नाली निर्माण	2.33	PWD Building SOR 01.01.2015
8	वार्ड क्र. 03 पेवर ब्लॉक कार्य सनत तिवारी से स्व. त्रिपाठी के घर होते हुये नंद त्रिपाठी के घर तक	2.72	PWD Building SOR 01.01.2015
9	वार्ड क्र. 03 पेवर ब्लॉक कार्य सामुदायिक भवन के सामने	2.92	PWD Building SOR 01.01.2015
10	वार्ड क्र. 03 पेवर ब्लॉक कार्य महामाया मंदिर के सामने	5.96	PWD Building SOR 01.01.2015
11	वार्ड क्र. 03 पेवर ब्लॉक कार्य राजेश दुबे के घर से मेन रोड तक	6.74	PWD Building SOR 01.01.2015
12	वार्ड क्र. 04 पेवर ब्लॉक कार्य रामकुमार रजक से शंकर यादव, अंकित यादव से बाजार तक, आलोक शिवहरे से मेन रोड तक कृष्णा यादव स गेंदराम यादव एवं कंकालीन रोड से संतोष कश्यप के घर तक	7.33	PWD Building SOR 01.01.2015
13	वार्ड क्र. 05 आरसीसी नाली निर्माण संतु गुप्ता के घर से साधुराम के घर तक	4.15	PWD Building SOR 01.01.2015
14	वार्ड क्र. 05 आरसीसी नाली निर्माण आशीष यादव के घर से परस खत्री के घर तक	5.53	PWD Building SOR 01.01.2015
15	वार्ड क्र. 06 आरसीसी नाली निर्माण खाण्डेजी से बंजारे जी के घर तक	2.78	PWD Building SOR 01.01.2015
16	वार्ड क्र. 06 आरसीसी नाली निर्माण अमित मिश्रा के घर से शोभा ठाकुर के घर तक	2.78	PWD Building SOR 01.01.2015
17	वार्ड क्र. 06 आरसीसी नाली निर्माण रमेश गुप्ता के घर से रक्कू दुबे के घर तक	4.07	PWD Building SOR 01.01.2015
18	वार्ड क्र. 06 आरसीसी नाली निर्माण राजेश पात्रे के घर से उमेश शर्मा के घर तक	7.83	PWD Building SOR 01.01.2015
19	वार्ड क्र. 06 पेवर ब्लॉक कार्य विष्णु सोनी से निर्मलकर ताम्रकार एवं साहूजी के घर के सामने व थाना के सामने	8.00	PWD Building SOR 01.01.2015
20	वार्ड क्र. 07 आरसीसी नाली निर्माण मेन रोड से संतोष राजपूत एवं पंजाब बैंक से विष्णु रजक के घर तक	4.15	PWD Building SOR 01.01.2015
21	वार्ड क्र. 07 छोटे नहर से विरेन्द्र सोनी के घर तक आर सीसी नाली निर्माण कार्य	6.91	PWD Building SOR 01.01.2015
22	वार्ड क्र. 07 छोटे नहर से गुरुकृपा किराना तक सीसी रोड निर्माण कार्य	2.47	PWD Building SOR 01.01.2025
23	वार्ड क्र. 07 मेन रोड से संतु यादव के घर तक टाप कोट निर्माण कार्य	4.14	PWD Building SOR 01.01.2025
24	वार्ड क्र. 07 संजय बैस से टेकू कोलाम के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य	7.43	PWD Building SOR 01.01.2025
25	वार्ड क्र. 08 प्राथमिक शाला परिसर में सीसी रोड निर्माण कार्य	6.65	PWD Building SOR 01.01.2025
26	वार्ड क्र. 08 सीसी रोड निर्माण महामाया रोड से पांडे के घर तक	0.74	PWD Building SOR 01.01.2025
27	वार्ड क्र. 09 पेवर ब्लॉक कार्य दुर्गा मंच तक	6.20	PWD Building SOR 01.01.2015
28	वार्ड क्र. 09 आरसीसी नाली निर्माण बीरू राजपूत के घर से कमल राजपूत के घर तक	5.01	PWD Building SOR 01.01.2015
29	वार्ड क्र. 09 गल्स हॉस्टल से पुलिया तक सीसी रोड निर्माण कार्य	3.06	PWD Building SOR 01.01.2025
30	वार्ड क्र. 10 कोतरी पुलिया से रमेश श्रीवास के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य	6.72	PWD Building SOR 01.01.2025
31	वार्ड क्र. 10 आरसीसी नाली निर्माण महामाया मंदिर से नदी तक	9.40	PWD Building SOR 01.01.2015
32	वार्ड क्र. 10 आरसीसी नाली निर्माण शंकर राय के घर से गीता राम मंगेशकर के घर तक	3.87	PWD Building SOR 01.01.2015
33	वार्ड क्र. 11 आरसीसी नाली निर्माण अनिता ध्रुव के घर से शंकर खत्री के घर तक	3.32	PWD Building SOR 01.01.2015
34	वार्ड क्र. 11 पेवर ब्लॉक कार्य छेदु यादव के घर से दुर्गेश निषाद एवं मुक्तिधाम से दिलीप ध्रुव के घर तक	4.61	PWD Building SOR 01.01.2015
35	वार्ड क्र. 11 सीसी रोड निर्माण मुन्ना ध्रुव से पन्ना ध्रुव के घर तक	3.31	PWD Building SOR 01.01.2025
36	वार्ड क्र. 12 मेन रोड से नदी तक सीसी रोड निर्माण कार्य	3.47	PWD Building SOR 01.01.2025
37	वार्ड क्र. 12 सीसी रोड निर्माण नहर रोड से रामरतन साहू एवं अश्वनी साहू के घर से नरेन्द्र तिवारी के घर तक	3.75	PWD Building SOR 01.01.2025
38	वार्ड क्र. 12 सीसी रोड निर्माण मेन रोड से शिवप्रसाद कश्यप के घर तक	2.30	PWD Building SOR 01.01.2025
39	वार्ड क्र. 12 सीसी रोड निर्माण रामकुमार वैष्णव के घर से सुजीत वर्मा के घर तक	3.78	PWD Building SOR 01.01.2025
40	वार्ड क्र. 12 सीसी रोड निर्माण मेन रोड से कृष्णा यादव के घर तक	3.54	PWD Building SOR 01.01.2025
41	वार्ड क्र. 12 आरसीसी नाली निर्माण हंशिका हॉस्पिटल से सुजीत वर्मा के घर तक	3.76	PWD Building SOR 01.01.2015
42	वार्ड क्र. 13 सीसी रोड निर्माण मेन रोड से स्वीपर कालोनी तक	7.43	PWD Building SOR 01.01.2025
43	वार्ड क्र. 13 सीसी रोड निर्माण मेन रोड से संतोष राजपूत के घर तक	6.37	PWD Building SOR 01.01.2025
44	वार्ड क्र. 13 सीसी रोड निर्माण मेन रोड से अमित साकत के घर तक	4.72	PWD Building SOR 01.01.2025
45	वार्ड क्र. 14 पेवर ब्लॉक कार्य मेन रोड से नदी तक	5.58	PWD Building SOR 01.01.2015
46	वार्ड क्र. 14 आरसीसी नाली निर्माण सांवतराम के घर से डी.डी. सिंह के हॉस्पिटल तक	5.69	PWD Building SOR 01.01.2015
47	वार्ड क्र. 15 सीसी रोड निर्माण बुधवारा रोड से अधनू साहू के घर तक	1.91	PWD Building SOR 01.01.2025
48	वार्ड क्र. 15 आरसीसी नाली निर्माण राजा साहू के घर से विष्णु साहु के घर तक	3.76	PWD Building SOR 01.01.2015
49	वार्ड क्र. 15 पेवर ब्लॉक कार्य राजा साहू के घर से विष्णु साहू के घर तक	4.46	PWD Building SOR 01.01.2015
50	वार्ड क्र. 16 आरसीसी नाली निर्माण रामावतार से प्रियंका कुर्रे व राजेश वैष्णव से संतोष ढीमर के घर तक	3.32	PWD Building SOR 01.01.2015
51	वार्ड क्र. 16 आरसीसी नाली निर्माण डिपो रोड से अंशु यादव के घर तक	7.75	PWD Building SOR 01.01.2015
52	वार्ड क्र. 17 रामनारायण से सुकदेव के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य	5.96	PWD Building SOR 01.01.2025
53	वार्ड क्र. 18 आरसीसी नाली निर्माण मेन रोड से सुरेश साहू के घर तक	3.32	PWD Building SOR 01.01.2015
54	वार्ड क्र. 18 सीसी रोड निर्माण संतोष विश्वकर्मा के घर से गनेश कोसले के घर तक	2.04	PWD Building SOR 01.01.2025
55	वार्ड क्र. 03 सीसी रोड निर्माण चंदा रानी के घर से बहेरा घाट तक	9.14	PWD Building SOR 01.01.2025
56	वार्ड क्र. 07 छोटे नहर से बिंदु ध्रुव तक एवं छोटे नहर से ओमप्रकाश ध्रुव के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य	9.25	PWD Building SOR 01.01.2025
57	वार्ड क्र. 09 हरीचन्द्र राजपूत से राकेश राजपूत के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य	9.97	PWD Building SOR 01.01.2025
58	वार्ड क्र. 12 मेन रोड से हंसिका हॉस्पिटल तक सीसी रोड निर्माण कार्य	9.52	PWD Building SOR 01.01.2025

टीप:– उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट https://www.uad.cg.gov.in पर डाउनलोड की जा सकती है। किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभाग की वेबसाईट में प्रसारित की जावेगी। पृथक से समाचार पत्र प्रकाशित नहीं की जावेगी। जीएसटी का भुगतान पृथक से देय नही होगा।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद लोरमी

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
इंजीनियरिंग कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

क्र.संख्या (1) ई-निविदा संख्या: डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-170-26-27, दिनांक: 17.09.2026.
कार्य: बिलासपुर मण्डल के वरिष्ठ मंडल अभियंता पूर्व के अधिकार क्षेत्र के अतर्गत दघोरा एवं जामगा रेलवे स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज का विस्तार/ सुधार एवं अन्य संबंधित कार्य, और गेवरा रोड एव सारागांव देवरी रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षात्मक स्क्रीन लगाना एवं विविध मरम्मत कार्य। निविदा मूल्य: ₹ 10,34,65,744/- अमानत राशि: ₹ 20,69,300/-. कार्य पूर्णता की अवधि: 12 माह।
निविदा जमा करने की आरंभ तिथि: 29.09.2026 से। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि: 13.10.2026 के 11.00 बजे तक।
उपरोक्त ई–निविदा सूचना की पूरी जानकारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई–टेन्डर के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
मंडल रेलवे प्रबंधक(अभियंता)/ सीपीआर/10/पीएच/413 बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
सिगनलिंग कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

ई-निविदा संख्या: 13-एसएनटी-परि-आर-टेंडर-26, दिनांक: 09.09.2026.
कार्य: रायपुर डिवीजन के दुर्ग – दल्लीराजहरा सेक्शन में रिसामा (RSA), गुंडरदेही (GDZ), लाटाबोर (LBO), बालोद (BXA) और कुसुमकासा (KYS) स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की व्यवस्थाए जिसमें रिसामा (RSA) और लाटाबोर (LBO) में नई लूप लाइन भी शामिल है। निविदा मूल्य: ₹ 60,82,30,627.96 (₹ साठ करोड़ बयासी लाख, तीस हजार, छह सौ सत्ताइस और छियानवे पैसे मात्र)। विड सिक्युरिटी (अमानत राशि): ₹ 1,21,64,600.00 (₹ एक करोड़ इक्कीस लाख चौंसठ हजार छह सौ मात्र)।
निविदा बंद करने की तिथि व समय: 06.10.2026 को 15.00 बजे तक।
विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/परियोजना/रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन/डाउनलोड करें।
उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार इंजी.(परि.) सीपीआर/10/पीएच/400 रायपुर
South East Central Railway @secrail

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN: L65910KL1992PLC006623,
Registered Office : W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16/10/2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुनः सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
धमतरी, बस्तर रोड धमतरी, 0134150700013641, 3647, 3739, 4605, 4621, 4633, 4637, 4642, 4740, 0134150730017092, 0930, 0955, 0990, 1011, 1012, 1045, 1046, 1050, 1052, 1055, 1056, 1061, 1062, 1079, 1115, 1121, 1123, 1124, 1133, 1143, 1145, 1153, 1156, 1160, 1161, 1175, 1178, 1179, 1183, 1186, 1190, 0260, सदर बाजार धमतरी, 0131990700013478, 3489, 3506, 3515, 3516, 3529, 0131990730012776, 2778, 2790, 2805, 2813, 2835, 2851, 0267, दुर्ग, चारोदा स्वदेयर भिलाई, 0134110700021730, 1771, 2842, 2855, 2866, 2872, 2880, 2893, 2894, 2898, 2899, 2904, 2919, 2922, 2923, 2928, 0134110730033879, 0829, 0964, 0992, 1016, 1018, 1019, 1020, 1040, 1055, 1084, 1101, 1103, 1110, 1116, 1117, 1131, 1166, 1177, 1183, 1187, 1196, 1209, 1231, 1243, 1244, 1255, 1274, 1284, चौहान एस्टेट, 0115880700027024, 7662, 8613, 8622, 8624, 8631, 8706, 8725, 8730, 8733, 8757, 8759, 8761, 8767, 8776, 8814, 8815, 8823, 8826, 8827, 0115880730033406, 4833, 7158, 7230, 2549, 2635, 2692, 2729, 2788, 2848, 2861, 2865, 2886, 2936, 2943, 2957, 2982, 2983, 3002, 3004, 3011, 3015, 3035, 3053, 3055, 3057, 3072, गुरुद्वारा स्टेशन रोड, 0112310700024198, 6514, 6515, 7309, 7312, 7313, 7342, 0112310730042765, 4053, 1913, 2047, 2049, 2050, 2062, 2096, 2110, 2165, 2168, 2172, 2176, 2177, कृष्णा थियेटर रोड, 0125930700025918, 5954, 6006, 6601, 6645, 6711, 6728, 6729, 6732, 6738, 6748, 6752, 6756, 6758, 6764, 6765, 6767, 6770, 6773, 0125930730021756, 5960, 9262, 9278, 9300, 9325, 9349, 9365, 9374, 9375, 9377, 9378, 9390, 9392, 9395, 9399, 9400, 9422, 9423, 9427, महाराजा चौक, 0116770700017420, 7572, 8273, 8301, 8302, 8317, 8323, 8329, 8337, 8343, 8351, 8363, 8371, 0116770730024352, 5041, 5075, 0132, 0212, 0329, 0337, 0355, 0364, 0402, 0410, 0411, 0416, 0418, 0420, 0421, 0429, 0431, 0445, 0446, 0447, 0452, 0458, 0463, 0467, 0470, 0471, 0475, 0477, 0478, 0481, 0496, 0499, 0500, 0501, 0502, 0506, 0507, 0523, मालवीय नगर चौराहा, 0116610700019803, 9821, 9822, 9832, 9855, 9861, 9863, 0116610730040511, 0557, 0574, 0582, 0604, 0645, 0675, 0690, 0719, 0732, 0741, 0742, 0743, 0771, 0787, 0795, नेहरू नगर भिलाई, 0125780700022496, 2861, 3502, 3513, 3514, 3518, 3526, 3535, 3536, 3546, 3556, 3561, 0125780730033397, 3443, 3448, 3449, 3494, 3665, 3666, 3669, 3686, 3696, 3718, 3720, 3722, 3723, 3724, 3730, 3740, 3750, 3760, 3761, 3773, 3775, न्यू बस स्टैंड दुर्ग, 0126220700018113, 8114, 8306, 8307, 9229, 9250, 9256, 9266, 9270, 9275, 9298, 9312, 9313, 9314, 9323, 9324, 9326, 0126220730020284, 0300, 4729, 4811, 4847, 4863, 4920, 4923, 4934, 4949, 4950, 4962, 4983, 4987, 4992, 4995, पावर हाउस चौक भिलाई, 0134030700035390, 6040, 7297, 8941, 9317, 9354, 9355, 9421, 9452, 9459, 0641, 0758, 0772, 0809, 0815, 0817, 0823, 0827, 0829, 0846, 0852, 0860, 0862, 0903, 0921, 0134030730037010, 0539, 6659, 6660, 6778, 6784, 6870, 3154, 3229, 3308, 3387, 3391, 3392, 3405, 3530, 3534, 3560, 3578, 3589, 3592, 3627, 3628, 3660, 3661, 3662, 3664, 3674, 3675, 3692, 3706, 3707, 3708, 3709, 3726, 3727, 3735, 3736, 3737, 3745, 3766, 3784, 3794, 3797, 3804, 3812, 3821, 3833, 0334, संतराबाडी, 0112610700019830, 9840, 9842, 9843, 9847, 9851, 9857, 0112610730021909, 4320, 4322, 4384, 4390, 4405, 4408, 4414, 4432, 4435, 4458, स्मिति नगर भिलाई, 0115830700019322, 9742, 9755, 0346, 0350, 0354, 0358, 0360, 0386, 0396, 0397, 0115830730016178, 9134, 9172, 9179, 9195, 9245, 9247, 9255, 9289, 9310, कवर्धा, इंदिरा गाँधी चौक कवर्धा, 0134560700012795, 2816, 0134560730019333, 1056, 1111, 1161, 1171, 1177, 1181, 1182, महासमंद, बस स्टैंड महासमुंद छत्तीसगढ़, 0129980700024096, 4128, 4985, 5025, 5032, 5039, 5041, 5101, 5116, 5124, 5130, 5135, 5136, 0129980730030030, 0078, 4099, 4126, 4139, 4161, 4273, 4275, 4294, 4301, 4303, 4308, 4317, 4318, 4346, 4373, 4387, 4389, 4400, 4403, 4418, 4427, 4461, 0108, सरायपाली छत्तीसगढ़, 0138490700003786, 3994, 4004, 4616, 4680, 4713, 4714, 4717, 4720, 4725, 4729, 4732, 4736, 4737, 4747, 4749, 4756, 4757, 4759, 4760, 4769, 4777, 4784, 4792, 0138490730005347, 5362, 7355, 7375, 7436, 7441, 7449, 7453, 7467, 7469, 7472, 7476, 7486, 7489, 7490, 7495, रायपुर, अश्वनी नगर रायपुर, 0131360700016689, 9260, 9286, 9287, 9302, 0417, 0495, 0588, 0589, 0598, 0612, 0614, 0620, 0626, 0629, 0643, 0644, 0648, 0649, 0662, 0664, 0666, 0669, 0682, 0684, 0688, 0694, 0696, 0699, 0704, 0712, 0714, 0131360730023937, 6363, 6387, 6437, 6444, 6466, 6489, 6497, 6510, 6527, 6531, 6549, 6550, 6564, 6616, 6622, 6623, 6633, 6639, 6665, 6668, 6684, 6685, 6687, 6690, 6691, 6700, 6712, 6724, 6735, 6744, 6750, 6754, 6758, 6759, 0243, बडाईपाडा, 0113640700024885, 4941, 4949, 5693, 5701, 5702, 5716, 5739, 5752, 5754, 5760, 5763, 0113640730025896, 0405, 0433, 0444, 0453, 0483, 0491, 0494, 0502, 0504, 0505, 0514, 0530, 0535, 0536, बनपुरी, 0114590700030023, 0901, 2024, 2090, 2091, 2119, 2140, 2141, 2158, 2176, 2185, 2190, 2216, 2274, 2289, 2292, 2298, 0114590730023490, 7336, 7398, 7498, 4226, 4400, 4598, 4672, 4691, 4709, 4774, 4783, 4812, 4813, 4898, 4899, 4939, 4940, 4960, 4969, 4984, 0183, बंसताल रायपुर, 0124250700011078, 1098, 1110, 1116, 1132, 1135, 1156, 0124250730006856, 8831, 8848, 8872, 8889, 8890, 8907, 8908, 8909, 8918, 8923, 0072, बुधापारा रायपुर, 0124430700031927, 2002, 2011, 3052, 3170, 3178, 3193, 3203, 3222, 3253, 3256, 3257, 3268, 3269, 3276, 3278, 3284, 3288, 3290, 3297, 0124430730030756, 2316, 2425, 2437, 2462, 2522, 8813, 8873, 8880, 8881, 8894, 8947, 8991, 8992, 9068, 9069, 9075, 9113, 9134, 9135, 9159, 9177, 9182, 9186, 9202, 9204, 9205, 9216, 9217, 9218, 9220, 9224, 9226, 9251, 9260, 9267, 9268, 9271, 9281, 9289, 9308, 9314, 9327, देवेंद्रनगर रायपुर, 0124680700015911, 6315, 6320, 6329,

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.मं. की एक उत्तरवर्ती कंपनी)
कार्यालय- अधीक्षण अभियंता (नगर वृत्त)- दो क्वार्टर नं. डी-3 एवं डी- 4, छ.स्टे.पा.डि.कं.लि., गुढ़ियारी, रायपुर
Email-secc2.raipur@cspc.co.in

क्रमांक 51-9600 / सामान्य / 2135 रायपुर दिनांक 23.09.2026

// आम सूचना//

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्तमान में CSPDCL द्वारा मोर बिजली एप के माध्यम से e-KYC की सुविधा प्रारंभ कर दी गयी है। नगर वृत्त- दो रायपुर के अंतर्गत कुछ क्षेत्रों में ऐसी शिकायतें प्राप्त हो रही है कि विद्युत उपभोक्ताओं के आधार कार्ड तथा उपभोक्ता क्रमांक में अंकित नाम में विभेद तथा नाम में परिवर्तन होने के कारण उनका e-KYC सम्पन्न नहीं हो पा रहा है।

उपरोक्त समस्या के निराकरण हेतु समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि नगर वृत्त–दो रायपुर के अंतर्गत आने वाले समस्त संभागीय कार्यालयों नगर संभाग, उत्तर जो गुढ़ियारी में स्थित है, संचा./ संधा. संभाग उरला जो उरला कर्मा चौक में स्थित है एवं संचा./ संधा. संभाग सिलतरा जो सिलतरा 220 के.व्ही. उपकेन्द्र के समीप स्थित है में प्रत्येक सप्ताह के गुरूवार को प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक शिविर का आयोजन किया जावेगा, जिसमें उपभोक्ता e-KYC में आने वाली किसी भी प्रकार की समस्या का निराकरण करवा सकते हैं। (महेश कुमार ठाकुर 09511023)

अधीक्षण यंत्री नगर वृत्त-2
छ.स्टे.पा.डि.कं.लि. रायपुर

S-49134-3

Chhattisgarh InfoTech Promotion Society (CHIPS)
2th Floor SDC Building, Raipur, Chhattisgarh 492001
Phone: 0771-4014158 Fax: 0771-4066205 E-mail: ceochips@nic.in

TENDER NOTICE

System Tender No.199947/JCEO/CHIPS/e-Sign/2026 RAIPUR, DATED 21/09/2026

Chhattisgarh infotech Promotion Society invites online proposal from eligible bidders for 2nd call of RFP for "Selection of e-Sign Service Provider for Implementation of e-Sign Services in the e-District Project". The Information cum Tender document can be downloaded from website http://eproc.cgstate.gov.in & http://chips.gov.in

The CEO, CHIPS reserve the full right to change the terms & conditions, select/reject any application without assigning any reason thereof.

S-49143/1 CEO, CHIPS

न्यायालय नायब तहसीलदार- बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.- 202609104400006 अ-19(2)/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है आवेदक छत्तीसगढ़ स्टेट डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी मर्यादित छ.ग. ग्राम डोड़की तहसील बोरी जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा ग्राम डोड़की प.ह.न.-01 तहसील रा.नि.म. बोरी बुजुर्ग तहसील बोरी जिला दुर्ग छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 316/1 रकबा 1.09 हे. शासकीय मद में दर्ज भूमि को मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना (एस.टी.एन.) के अंतर्गत 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र निर्माण हेतु भूमि आबंटन के संबंध में कार्यालय कार्यपालन यंत्री (संचाः संधा) संभाग दुर्ग के पत्र क्रमांक/037/46.00 / पीए/ 1670 दुर्ग दिनांक 30.06.2026 के अनुसार इस न्यायालय को पत्र प्राप्त हुआ हैं। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन हैं।

अतः भूमि आंबटन किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति / दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 30.09.2026 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

S- 49148/2

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय
एर्राबोर (कोंटा), जिला सुकमा (छत्तीसगढ़)
(रा.आ.छा.शि.स. जनजातीय कार्य मंत्रालय के अन्तर्गत एक स्वायत्त संस्थान, भारत सरकार)

Eklavya Model Residential School
Errabor (Konta). Dist- Sukma (C.G.)
(NESIS An Autonomous Organisation under Ministry of Tribal Affairs, Govt. of India)

CBSE Affiliation No. 3320294, SCHOOL CODE-17319, UDISE CODE-22213413127
Email: emrskonta 2019@gmail.com, Website: www.emrserraborkonta.com

L.No./EMRS-Konta/ Admin. - 09/2026-27/107 Dated: 22/09/2026

निविदा सूचना

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति, नई दिल्ली द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एर्राबोर (कोन्टा) जिला सुकमा के संचालन हेतु शिक्षण सत्र 2026-27 हेतु निम्नदर्शित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु संबंधित पंजीकृत फर्मों / आपूर्तिकर्ताओं से सील बंद निविदाएं पुनः आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रस्तुत करने के अंतिम तिथि 29.09.2026 है।

क्र.	सामग्री का नाम
1	बेकरी एवं स्वीट्स

उपरोक्तानुसार पुनः निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी, निविदा फार्म, नियम-शर्तें इत्यादि विद्यालय की वेबसाइट www.emrserraborkonta.com अथवा कार्यालय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एर्राबोर (कोन्टा) से प्राप्त की जा सकती है।

प्राचार्य
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय
एर्राबोर (कोंटा), जिला-सुकमा (छत्तीसगढ़)

S-49146/2

एआई के संभावित खतरों को बढ़ा चढ़ाकर पेश किया गया : वेम्बु

एजेंसी ▶▶| चेन्नई



प्रौद्योगिकी कंपनी जोहो के सह-संस्थापक श्रीधर वेम्बु ने बुधवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) के संभावित खतरों को लेकर जताई जा रही आशंकाओं को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है और एआई के विकास पर वैश्विक स्तर पर रोक लगने की संभावना नहीं है।

वेम्बु ने भारत से रणनीतिक विकल्प खुले रखने और विभिन्न क्षेत्रों में बुनियादी अनुसंधान एवं विकास में बड़े पैमाने पर निवेश करने का आग्रह किया। वेम्बु ने कहा कि भारत को एआई के क्षेत्र में स्वतंत्र दृष्टिकोण अपनाना चाहिए और साझेदारियों का लाभ उठाना चाहिए, लेकिन अमेरिका और चीन के बीच उभरती प्रौद्योगिकी प्रतिस्पर्धा में किसी एक पक्ष से बंधने से बचना चाहिए।

अपने विकल्प खुले रखना चाहिए

